# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे शिवालय

## ● महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा भक्तों का तांता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**महाशिवरात्रि** के पावन अवसर पर बुधवार को राजधानी लखनऊ के सभी शिवालयों में शिवभक्तों का तांता उमड़ा रहा। रूद्राभिषेक के बीच शिव भक्तों ने शिवलिंग की पूजा अर्चन कर आर्शीवाद ग्रहण किया।

लखनऊ के डालीगंज स्थित प्राचीन मनकामेश्वर मंदिर में आज भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं, जो भगवान शिव के दर्शन और पूजन के लिए उत्सुक थे। मान्यता है कि भगवान लक्ष्मण ने यहां भगवान शिव की आराधना की थी, जिससे उनकी सभी मनोकामनाएँ पूर्ण हुईं। इसी कारण इसे 'मनकामेश्वर' नाम से जाना जाता है। भक्तों का विश्वास है कि यहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य फलदायी होती है। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। सुबह 4 बजे मंगला आरती के साथ दिन की शुरुआत हुई, जिसके पश्चात भक्तों ने जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, धतूरा, और अन्य पूजन सामग्रियों से भगवान शिव का अभिषेक किया। मंदिर की महंत देव्यागिरि जी ने विशेष पूजा-अर्चना का नेतृत्व किया। भक्तों के लिए मंदिर के कपाट देर रात तक खुले रहे, ताकि अधिक से अधिक लोग दर्शन लाभ ले सकें। महाशिवरात्रि से पूर्व, भगवान शिव के विवाह उत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर से भव्य बधावा यात्रा निकाली गई। महंत देव्यागिरि जी के नेतृत्व में शिव भक्त महिलाओं ने भगवान के वस्त्र, मिठाई, फल, और श्रृंगार सामग्री के साथ इस यात्रा में भाग लिया। यात्रा मंदिर परिसर के आसपास के क्षेत्रों से होकर गुजरी और वापस मंदिर में संपन्न हुई। इस अवसर पर भक्तों ने भजन-कीर्तन और नृत्य के माध्यम से अपनी श्रद्धा प्रकट की।

भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए, मंदिर प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए थे। पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, और स्वयंसेवकों की सहायता से भीड़ को नियंत्रित किया गया। भक्तों की सुविधा के लिए पेयजल, चिकित्सा सहायता, और विश्राम स्थल की व्यवस्था भी की गई थी।

वहीं महाशिवरात्रि पर पुराने लखनऊ में शिव बारात निकाली गयी। हर साल की भांति इस बार भी निकली भव्य शिव बारात में हजारों की संख्या में भक्त बाराती बनकर हुए शामिल हुए। कल्याण गिरी मंदिर से कोनेश्वर मंदिर तक शिव बारात में हजारों महिलाएं सिर पर कलश लेकर नाचती दिखाई दी। राजाजीपुरम में महाकालेश्वर मंदिर में भी भक्तों की लंबी कतारें सुबह से लगी देखी गई। दूसरी तरफ बुद्धेश्वर मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा रहा लोग भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। महिलाओं में भी गजब का उत्साह दिखाई पड़ा। सर्वोदय नगर स्थित नील कंठेश्वर महादेव मंदिर में भी शिव भक्तों की लंबी कतार नजर आई मंदिर प्रशासन ने शिव भक्तों की बेहतर सुविधा के लिए तत्पर नजर आये। महिलाओं ने भगवान शिव की भव्य बारात निकाली। बादशाहनगर स्थित शिव मंदिर में रूद्राभिषेक के बीच सुबह से ही भक्तों की भीड़ दर्शन करने को आतुर दिखाई दी।

निराला नगर में चार पीढ़ियों से प्रतिष्ठित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में महादेव की भव्य झांकी सजायी गई। इसमें तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ की तर्ज पर बाबा भोलेनाथ को गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाते दर्शाया गया। निराला नगर स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के प्रमुख अभिषेक अग्रवाल ने आचार्यों की उपस्थिति में विधिविधान से बेलपत्र, गंगाजल, दूध, बेर, पुष्प आदि से पूजन-अर्चन किया। वहां दर्शन-पूजन के लिए सुबह पांच बजे से जो भक्तों का आगमन शुरू हुआ जो रात 12 बजे तक जारी रहा।

मंदिर परिसर में समस्त पूजन अर्चन आचार्य रमाकांत मिश्र की अगुआई में किये गए वहीं बाबा भोलेनाथ की प्रयागराज के संगम जल में डुबकी लगाती सुंदर झांकी को पवन कुमार ने साकार किया था। इस आयोजन में संजय मिश्रा के दल ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाए। भक्तों ने भजन 'शिवजी बिहाने चले पालकी सजाइके', 'शिव की बारात आई है, शिवनाम जपने की रात आई है', 'मेरा भोला है भंडारी' जैसे सरस भजनों का, झूमते हुए आनन्द लिया। इस अवसर पर सुभाष सिंह की ओर से ठण्डाई की सेवा दी गई। इस सेवा के चलते 1500 से अधिक भक्तों में ठंडाई और फल प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर के लिए प्रयागराज से संगम जल लाने की सेवा स्वयं अभिषेक अग्रवाल की ओर से दी गई थी। मंदिर को विभिन्न फूलों की लड़यों से बहुत ही भव्य रूप से अलंकृत किया गया था।

# महाकुम्भ बना मानवता का महायज्ञ: मुख्यमंत्री

## महाकुम्भ की पूर्णाहुति पर सीएम ने एक्स पर बधाई संदेश लिख सभी का जताया आभार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ 2025 के ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी श्रद्धालुओं, संत-महात्माओं, प्रशासन और प्रयागराज वासियों का हार्दिक अभिनंदन किया है। महाशिवरात्रि के अवसर पर महाकुम्भ की पूर्णाहुति पर मुख्यमंत्री ने अपने एक्स एकाउंट पर बधाई संदेश लिखा। सीएम योगी ने इस ऐतिहासिक आयोजन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में होना बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित मानवता का महायज्ञ, आस्था, एकता और समता का महापर्व महाकुम्भ-2025, प्रयागराज आज महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान के साथ ही अपनी पूर्णाहुति की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 13 जनवरी, पौष पूर्णिमा से प्रारंभ महाकुम्भ-2025, प्रयागराज में आज

### ● योगी ने लिखा, 45 दिनों में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में लगाई आस्था की डुबकी

26 फरवरी, महाशिवरात्रि की तिथि तक कुल 45 दिवसों में 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि विश्व इतिहास में यह अभूतपूर्व और अविस्मरणीय है। पूज्य अखाड़ों, साधु-संतों, महामंडलेश्वरों एवं धर्माचार्यों के पुण्य आशीर्वाद का ही प्रतिफल है कि समरसता का यह महासमागम दिव्य और भव्य बनकर सकल विश्व को एकता का संदेश दे रहा है। इस सिद्धि के सूत्रधार सभी गणमान्य जनों, देश-विदेश से पधारे सभी श्रद्धालुओं तथा कल्पवासियों का मुख्यमंत्री ने हार्दिक अभिनंदन एवं आभार जताया।

सीएम ने महाकुम्भ के सुव्यवस्थित आयोजन के कर्णधार रहे महाकुम्भ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, गंगा दूतों, स्वयंसेवी संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों सहित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी महानुभावों व संस्थाओं को साधुवाद कहा है। विशेष रूप से प्रयागराज वासियों को उन्होंने धन्यवाद कहा, जिनके धैर्य एवं आतिथ्य सत्कार ने सबको सम्मोहित किया। अंत में सीएम योगी ने मां गंगा और भगवान बेनी माधव से सभी के कल्याण की प्रार्थना की।

# अमृतसर-करतारपुर साहिब यात्रा पूरी कर सरोजनीनगर लौटे श्रद्धालु

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**गुरु** की कृपा जहां बरसती है, वहां सीमाएं लुप्त हो जाती हैं, और श्रद्धा का प्रवाह हर हृदय को आनंदित कर देता है। इसी दिव्य अनुभूति के साथ सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रयासों से 41 सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था 24 फरवरी को अमृतसर-करतारपुर साहिब की पावन यात्रा पर भेजा था। बुधवार को तीन दिवसीय यात्रा पूरी कर श्रद्धा के आलोक से आलोकित होकर सभी श्रद्धालु लखनऊ सकुशल वापस लौट आये हैं।

यह यात्रा केवल एक भौगोलिक यात्रा नहीं थी, बल्कि भावनाओं, आस्था और गुरुओं के प्रति अनन्य समर्पण की एक आध्यात्मिक यात्रा थी। विधायक डॉ. सिंह ने सभी श्रद्धालुओं के लिए लखनऊ से अमृतसर वायुमार्ग से आने जाने के साथ अमृतसर में ठहरने के लिए होटल और करतापुर साहिब सुलभ दर्शन की सारी व्यवस्थाएं अपनी देख - रेख में पूरी की थी। सरोजनीनगर के श्रद्धालुओं ने 24 फरवरी को श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में मत्था टेककर गुरुग्रंथ साहिब जी की दिव्य कृपा का अनुभव किया। स्वर्ण मंदिर के शांत सरोवर में गुरुबाणी की मधुर ध्वनि आत्मा को परमसत्ता से जोड़ने वाली एक दिव्य सेतु बनी। उसी दिन शाम को सभी तीर्थ यात्री अटारी बॉर्डर पहुंचे, जहां सीमाएं देशों को विभाजित करती हैं। अटारी-वाघा बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट के दौरान सेना के जवानों के शौर्य को देख मंत्रमुग्ध हो गये। मंगलवार को सभी श्रद्धालु अन्तराष्ट्रीय सीमा पारकर करतारपुर साहिब पहुंचे। करतारपुर साहिब, वह पावन धरा, जहां श्री गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन के अंतिम 18 वर्ष बिताए, वहाँ श्रद्धालुओं ने अखंड अरदास की, गुरुबाणी सुनी और गुरुघर की असीम कृपा को आत्मसात किया।

### यात्रियों की श्रद्धा, विधायक राजेश्वर सिंह की उत्तम व्यवस्थाएं

**इस** ऐतिहासिक यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने विधायक राजेश्वर सिंह द्वारा की गई व्यवस्थाओं की मुक्त कंठ प्रशंसा की। श्रद्धालु दलजोत सिंह ने बताया कि इस यात्रा में बच्चे भी शामिल थे, लेकिन विधायक राजेश्वर सिंह जी ने इतनी अच्छी व्यवस्था की कि किसी को कोई कठिनाई नहीं हुई। वहीं, दूसरे दर्शनार्थी सरबजीत सिंह ने कहा, अमृतसर और करतारपुर साहिब की यात्रा हर सिख का सपना होती है। लेकिन विधायक राजेश्वर सिंह जी ने ऐसी व्यवस्था की कि हमें कभी यह महसूस नहीं हुआ कि हम लखनऊ से बाहर आए हैं।

# निगोहा निवासी माता प्रसाद की चालू होगी वृद्धावस्था पेंशन

## ● वार्षिक सत्यापन में मृतक दर्शाए जाने पर रुकी पेंशन का समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने लिया संज्ञान

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**मोहनलालगंज** के निगोहा निवासी माता प्रसाद की वार्षिक सत्यापन में मृतक दर्शाए जाने के कारण रुकी पेंशन का समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने संज्ञान लिया है। उन्होंने उपनिदेशक, समाज कल्याण, लखनऊ मण्डल को तत्काल कार्यवाही करते हुए पेंशन चालू करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

उपनिदेशक, लखनऊ मण्डल द्वारा तत्काल माता प्रसाद से सम्पर्क किया गया एवं उनके पेंशन आवेदन को पुन: प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही आधार बेस्ड भुगतान के लिए संबंधित बैंक से संपर्क कर बैंक खाते की ई-केवाईसी पूर्ण कर वृद्धावस्था पेंशन चालू करने के सम्बन्ध में स्वयं समाज कल्याण मंत्री द्वारा लाभार्थी से वीडियो कॉल पर बात कर अवगत कराया। ई-केवाईसी के उपरांत पीएफएमएस रिस्पॉन्स प्राप्त कर विभाग से मार्च 2025 से नियमित रूप से माता प्रसाद को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ मिलने लगेगा।

बता दें कि माता प्रसाद द्वारा डीसीपी दक्षिणी से संपर्क कर पेंशन जारी करने की गुहार लगाई थी। जिस पर संवेदनशील होते हुए समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण द्वारा तत्काल प्रकरण पर कार्यवाही कर लाभार्थी के अवगत कराने के निर्देश दिए। असीम अरुण द्वारा कहा गया कि किसी वृद्धजन के लिए पेंशन उनके जीवन का आधार है। दोषी कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी, जिससे अन्य किसी लाभार्थी के साथ ऐसा न हो। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# गोमती बंधे पर दीवार के निर्माण पर सिंचाई विभाग ने जारी किया नोटिस

## ● मामला जांच के लिए राजस्व को भेजा गया: मुकेश वैश्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की योगी सरकार द्वारा अवैध कब्जों पर चलाए जा रहे अभियान को विभागों के अधिकारी ही कमजोर करने में लगे हुए हैं। शायद यही कारण है कि निशातगंज गोमती बंधे पर महज चंद दिनों में ही करीब 8 फीट ऊंची और 40 फीट लंबी दो दीवारें तैयार हो गई। जबकि निर्माण से महज 200 मीटर की दूरी पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ग्रीन कॉरिडोर के तहत ओवर ब्रिज का निर्माण कर रहा है। प्रकरण को लेकर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता मुकेश वैश्य ने नोटिस जारी कर राजस्व विभाग को जांच के लिए लिखा है। प्रदेश की योगी सरकार लखनऊ की यातायात व्यवस्था और अधिक दुरस्त करने के लिए लगातार सड़क मार्ग के विकास में लगी हुई है। इसी क्रम में प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर के तहत गोमती के किनारे-किनारे ओवर ब्रिज का निर्माण लखनऊ विकास प्राधिकारण के माध्यम से कराया जा रहा है। निशातगंज गोमती पुल के पेपर मिल के पीछे गोमती बंधे पर भी इस ओवर ब्रिज का कार्य चल रहा है। कार्य स्थल के कुछ ही दूरी गोमती बंधे पर गाड़ी बनाने के कई गैराज भी संचालित हैं। साथ ही नदी के किनारे-किनारे बंधे पर कई अवैध दुकाने भी संचालित हो रही है। हाल ही के दिनों में निशातगंज गोमती पुल से सटाकर काफी लम्बी चौड़ी दो दीवारें बना दी गई। इस निर्माण को तत्काल ही सिंचाई विभाग ने संज्ञान में लेते हुए निर्माण कर्ताओं के खिलाफ नोटिस जारी कर दिया। इस सम्बन्ध में जब सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता मुकेश वैश्य से बात की गई तो उन्होंने कहा कि दी गई नोटिस पर निर्माण कर्ताओं ने कहा कि गोमती बंधे की जमीन उनकी है। अधिशासी अभियंता मुकेश वैश्य ने कहा निर्माण कर्ताओं के जवाब के आधार पर राजस्व विभाग को जांच के लिए पत्र भेज दिया गया है।

# 2027 के लिए अभी से तैयारी शुरू करेंगे: अनिल दुबे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राष्ट्रीय** लोकदल नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कहा कि रालोद अध्यक्ष जयन्त चौधरी की मंशा के अनुरूप पूर्वांचल, मध्यांचल और बुन्देलखण्ड में पार्टी के विस्तार को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के सहयोग से इन क्षेत्रों में रालोद को 2027 के लिए अभी तैयारी शुरू की जायेगी।

बुधवार को प्रदेश कार्यालय पर एक मुलाकात में राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कहा कि हम किसानों, युवाओं और व्यापारियों को लगातार पार्टी से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। जिससे वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती के साथ और बेहतर प्रदर्शन कर सके। विपक्ष पर महाकुंभ को लेकर किये जा रहे अनर्गल प्रलाप के लिए कहा कि विपक्ष को धर्म में राजनीति नहीं करनी चाहिए। विपक्ष करोड़ों लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहा है जिसके लिए उन्हें लोग माफ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल अपने मुद्दों के साथ एनडीए में शामिल हुआ है और उन मुद्दों पर सरकार के साथ काम भी हो रहा है। राष्ट्रीय लोकदल किसानों के मान सम्मान व स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं करेगा। बता दें कि राष्ट्रीय महासचिव के पद मनोनयन के बाद एक दिन पूर्व दुबे का अपने आवास से पार्टी मुख्यालय तक जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। बंगला बाजार चौराहे से सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ दुबे का जेल रोड पर प्रदेश सचिव अफसर अली ने भारी समर्थकों के साथ स्वागत किया।

# पीजीआई में संविदा पर होगी रेजीडेंट की भर्ती

**लखनऊ।** एसजीपीजीआई में संविदा के आधार पर 89 दिनों के लिए जूनियर व सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की भर्ती होगी। इसके लिए 28 फरवरी को साक्षात्कार होंगे। रेजीडेंट डाक्टरों की नियुक्ति से मरीजों का इंतजार कम होगा। जिन विभागों में रेजीडेंट डाक्टरों की भर्ती होगी, उनमें क्लीनिकल हिमेटोलॉजी में तीन, क्रिटिकल केयर मेडिसिन में सात, सीवीटीएस में दो, फॉरेंसिक मेडिसिन में एक, ऑब्स एंड गाइनी में दो, ऑर्थोपेडिक्स में दो, मैटरनल एंड रीप्रोडक्टिव हेल्थ में एक, माइक्रोबायोलॉजी में एक, न्यूरोसर्जरी में पांच, न्यूक्लीयर मेडिसिन में चार, पैथालॉजी में तीन, पीडियाट्रिक सर्जरी में दो, पीएमआर में एक, प्लास्टिक सर्जरी में एक, ट्रॉमा सर्जरी में छह और यूरोलॉजी में एक पद शामिल है। इमरजेंसी मेडिसिन में चार, हेपेटोलॉजी में दो और मेडिकल आंकोलॉजी में दो सीनियर रेजिडेंट का पद है। मेडिकल फिजिक्स रेजिडेंट पद पर भी एक नियुक्ति होनी है।

# जीवन शैली जनित रोगों के बचाव में योग एवं प्राणायाम की प्रमुख भूमिका: प्रो. मनुका खन्ना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में फैकल्टी के योग सभागार में तीन दिवसीय प्राणायाम का दर्शन एवं विज्ञान विषयक कार्यशाला का उद्घाटन बुधवार को प्रति कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस मौके पर प्रोफेसर मनुका खन्ना ने कहा कि योग जीवन का बहुमूल्य विषय है। वर्तमान में जीवन शैली जनित रोगों के बचाव में योग एवं प्राणायाम की प्रमुख भूमिका है। योग के प्राणायाम का अभ्यास करने से शरीर की शुद्धि और रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोतरी होती है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों,कर्मचारियों,छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य हित के लिए इस प्रकार की कार्यशालाएं लगातार होती रहनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर आर.के.सिंह ने कहा कि प्राणायाम के अभ्यास से फेफड़ों की कार्य क्षमता में वृद्धि होती है और जीवन स्वस्थ और सतायु होता है इसलिए सभी को अपने जीवन में योग और प्राणायाम को अपनाना चाहिए। प्रोफेसर अशोक कुमार सोनकर ने कहा कि जीवन अमूल्य है इसको सुरक्षित बनाए रखने हेतु जन सामान्य को प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। संकाय के को-आर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने कहा कि जीवन की डोर सांसों से बंधी है इसलिए गुणवत्तापूर्ण जीवन के लिए प्रतिदिन प्राणायाम का अभ्यास अवश्य करना चाहिए। प्राणायाम के अभ्यास से रक्त एवं हृदय की कार्य प्रणाली स्वस्थ होती है। प्राणायाम के अभ्यास से दमा एवं फेफड़ों के रोगों से बचाव होता है। प्राणायाम के अभ्यास से रक्त दूषित होने से होने वाली बीमारियों का प्रबंध होता है। डॉक्टर यादव ने बताया कि यह कार्यशाला तीन दिनों तक चलेगी।

# मनरेगा मजदूरों को तीन माह से नहीं मिली मजदूरी रोजी रोटी की तलाश में शहर जा रहे मजदूर

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**तीन** माह से मजदूरी का भुगतान नही होने से मनरेगा मजदूरों का योजना से मोहभंग होने लगा है। अकेले मोहनलालगंज ब्लॉक में ही हजारों मजदूरों की सवा करोड़ से अधिक मजदूरी बकाया हो चुकी है। जबकि जिले भर में बकाएदारी का आंकड़ा सात करोड़ के पार पहुंच चुका है। परेशान मजदूर मनरेगा का कामकाज ठप कर काम की तलाश में शहर जा रहे हैं। मोहनलालगंज ब्लॉक में हजारों मनरेगा मजदूरों को नवम्बर से बकाया मजदूरी का भुगतान नही हो सका है। आंकड़ों पर गौर करें तो अकेले इसी ब्लॉक में एक करोड़ अट्ठारह लाख से अधिक मजदूरी बकाया है। जबकि राजधानी भर में तेईस हजार से अधिक परिवारों की सात करोड़ ग्यारह लाख से अधिक मनरेगा मजदूरी बकाया है। इतने बड़े पैमाने पर मजदूरी बकाया होने के बाद मजदूर मनरेगा का सारा कामकाज छोड़कर रोजी रोटी के लिए शहर जाने लगे हैं। मोहनलालगंज तहसील के दोनों ब्लॉक में ही मनरेगा का कामकाज हासिए पर पहुंच चुका है। मजदूरों की गैरमौजूदगी से ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना में प्रस्तावित विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने में बाधा पहुंच रही है। डीसी मनरेगा एसके सिंह ने बताया शासन से धनराशि मिलते ही मनरेगा श्रमिकों को शीघ्र ही मजदूरी का भुगतान किया जाएगा।

**मनरेगा कर्मियों को छह माह से नहीं मिला मानदेय:** मोहनलालगंज ब्लॉक में मनरेगा कर्मियों को भी छह माह से बकाया मानदेय का भुगतान नही हो सका है। पंचायतों में ग्राम रोजगार सेवकों से लेकर तकनीकि सहायक अकाउंटेंट ऑपरेटर और एपीओ को भी बकाया मानदेय के भुगतान की दरकार है। मनरेगा कर्मियों ने जिले स्तर पर शिकायत के बावजूद सुनवाई नही होने पर सीएम योगी आदित्यनाथ से होली के पूर्व बकाया मानदेय के भुगतान की गुहार लगाई है। बकाया मानदेय के मामले में शासन भी रिपोर्ट तलब कर चुका है।

### डीएम की फटकार के बाद भी नही मिली मजदूरी

**मोहनलालगंज** की ग्राम पंचायत मस्तीपुर के कुछ मजदूरों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम विशाख जी से मिलकर मजदूरी का भुगतान नही होने की शिकायत दर्ज कराई थी। नाराज डीएम ने डीडीओ अजीत कुमार सिंह को जांच सौंपकर रिपोर्ट तलब की थी। लेकिन मजदूरों को अब तक मजदूरी नही मिल सकी है। डीसी मनरेगा एसके सिंह ने बताया जांच में तालाब की एमबी नही होने से कुछ मजदूरों की मजदूरी बकाया होने की बात सामने आई है। मामले की जांच रिपोर्ट डीएम को भेज दी गई है।

# हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय, भंडारों में बंटा प्रसाद

## ● शिवभक्तों ने धूमधाम से निकाली शिव पार्वती की बारात डिप्टी सीएम ने भी टेका मत्था

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**महाशिवरात्रि** के मौके पर बुधवार को मोहनलालगंज कस्बे के काशीश्वर महादेव मंदिर में हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारे सारा दिन दिन गूंजते रहे। इस दौरान शिवभक्तों ने शिव पार्वती की धूमधाम से बारात भी निकाली।वहीं शिव मंदिरों पर जगह जगह भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मोहनलालगंज कस्बे के काशीश्वर महादेव मंदिर में बुधवार की सुबह से ही शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों की कतार लगी रही। श्रद्धालु भांग धतूरा शमी पत्र और पुष्प अर्पित कर सारा दिन भोलेशंकर की पूजा अर्चना करते रहे। शिव पार्वती के जयकारों की गूंज से समूचा इलाका भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। मंदिर के पुजारी रमाकांत गिरी ने बताया सोमवार को हल्दी मेंहदी मंगलवार को संगीत और बुधवार को शिवभक्ति में डूबे भक्तों ने विधि विधान से कस्बे में शिव पार्वती की भव्य बारात निकाली। जिसमें भक्तिमय संगीत की धुनों पर भक्तजन नाचते गाते नजर आए। कालेबीर बाबा मंदिर परिसर के द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में मंगलवार को रुद्राभिषेक के बाद बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने भंडारे में पहुंचकर शिवभक्तों को प्रसाद वितरित किया। रायबरेली हाईवे पर निजी फैक्ट्री की ओर से भी शिवमन्दिर पर भंडारा आयोजित कर भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे में फैक्ट्री के जीएम जीएन श्रीवास्तव और आशीष गुप्ता मौजूद रहे। गनियार गांव में देशपाल सिंह ने अखण्ड रामचरितमानस पाठ और हवन पूजन का आयोजन कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र ज्ञानदास स्मृति संगीत समोराह आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**संगीत** नाटक अकादमी वाल्मीकि रंगशाला गोमतीनगर में मंगलवार 27 फरवारी को पं. गणेश प्रसाद मिश्र संगीत साधना केन्द्र एवं स्वर साधना समूह लखनऊ तथा रसमंच योजना के संयुक्त तत्ववाधान में पं. गणेश प्रसाद मिश्र ज्ञानदास स्मृति संगीत समोराह के तहत 'श्रुतिनाद' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में साहित्यकार पद्मश्री डॉ. विद्याबिंदु सिंह एवं दूरदर्शन केन्द्र लखनऊ के कार्यक्रम प्रमुख आत्म प्रकाश मिश्र मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक जेटीआरआई लखनऊ दिनेश चन्द्र सामन्त, गुर्दा रोग विशेषज्ञ मेदांता हास्पिटल लखनऊ प्रो. डॉ. धर्मेन्द्र भदौरिया मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजकों क्रमश: मीनाक्षी मिश्र, रश्मि उपाध्याय एवं डॉ. अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि समारोह की प्रस्तुति बाल कलाकार विदिका सिंह, आराध्य मिश्रा, अंश मिश्रा, मानवेन्द्र सिंह, यश सिंह, ईशल रस्तोगी,अनाइशा मेहरोत्रा, वेदांत देशमांकर, सिद्धिमा करेंगे। तबले पर आलोक मिश्र व हारमोनियम पर शुभम श्रीवास्तव अपनी प्रस्तुति देंगे। गायन में एकल प्रस्तुति आस्था मिश्रा की होगी। सामूहिक प्रस्तुति में मनीषा सिंह, मनीषा बिष्ट, शुभम श्रीवास्वत, नवनीत सिंह, अंशु सिंह, कामिनी मिश्रा, यागिनी पाण्डेय, शिखा श्रीवास्तव, अनुमोहा गुप्ता, कीर्ति सिन्हा, सरिता त्रिपाठी, रश्मि उपाध्याय, बबिता साहू, ज्याति श्रीवास्तव, मनु राय, मोहिनी शुक्ला, बबीता चतुर्वेदी, नवनिल रहेंगे। इस समूह प्रस्तुति में तबले पर पुष्कर मिश्र व हरमोनियम पर डॉ. अंजनी कुमार मिश्र अपनी प्रस्तति देंगे। समारोह में विशेष प्रस्तुति एकल सितार वादन में बनारस घराने के डॉ. अंकुर मिश्र, गायन में हरिहरपुर संगीत घराना आजमगढ़ के डॉ. अंजनी कुमार मिश्र व डॉ. गरुण मिश्र होंगे, जबकि तबले पर मोहित दुबे, हारमोनियम पर पं. घर्मनाथ मिश्र व तबले पर सुमित मलिक अपनी प्रस्तुति देंगे।

# चारों प्रहर हुआ भगवान भोलेनाथ का अभिषेक

● श्रद्धालुओं ने उपवास कर रात्रि में किया जागरण

**संवाददाता।** प्रयागराज



**शिव** शिवा की प्रिय रात्रि महाशिवरात्रि को लेकर भक्तों में खासा उत्साह बुधवार को देखने को मिला। राजरूपपुर स्थित कैलाश मण्डपम मंदिर पर बुधवार को सुबह पट खुलते ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम जो शुरू हुआ तो देर रात तक अनवरत चलता ही रहा। मंदिर पर सुबह पांच बजे से ही भक्त पहुंचने लगे। दोपहर बाद तो महिलाओं पुरुष और बच्चों का भारी सैलाब रहा। भीड़ देखने को कैलाश धर्मार्थ न्यास के आचार्य नागेश दत्त द्विवेदी की उपस्थिति में वैदिक ब्राह्मणों तथा पुजारी वीरेंद्र कुमार ओझा ने रात्रि के चारों प्रहर में अलग अलग द्रव्यों से विधि पूर्वक बाबा भोले के विग्रह के सम्मुख स्थापित पारदेश्वरशिवलिंग पर रुद्राभिषेक सम्पन्न कराया।

प्रथम प्रहर का अभिषेक न्यास के अध्यक्ष उच्च न्यायालय के अधिवक्ता डा हरिनाथ त्रिपाठी के साथ मिलकर कई वरिष्ठ नागरिकों ने किया। डा हरिनाथ त्रिपाठी ने कहा कि शिवलोकवासी हमारे न्यास के धर्माचार्य पं चन्द्र भानु द्विवेदी ने अपने स्वान्त: सुखाय के लिए जो शिवाराधन प्रारम्भ किया था। जिसके साथ तमाम भक्त जुड़ते चले गये और आज इसके तीन दशक पूरे होने को हैं। डा त्रिपाठी ने कहा कि हम सभी श्रद्धालुजनों की अपने सच्चे शिवभक्त धर्माचार्य के चरणों में यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि उनके द्वारा महाशिवरात्रि पर जो यह प्रकल्प चलाया गया है वह महादेव की कृपा से अनवरत हर वर्ष इसी प्रकार चलता रहे। आचार्य नागेश दत्त द्विवेदी ने कहा कि यह शक्ति शक्तिमान की रात है जो श्रद्धा और अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के प्रमुख अंग उपवास और रात्रि जागरण हैं ऐसे में जो भी भक्त भक्ति भाव से दिन भर व्रत करके रात्रि जागरण करता है उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं।

मन्दिर प्रांगण दिन भर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा और रात्रि में भक्तों ने चारों प्रहर में भूतभावन का अभिषेक किया तथा महिला श्रद्धालओं ने कीर्तन भजन के माध्यम से भूतभावन भोलेनाथ से आशीष मांगा। इस दौरान मनोज मिश्र की भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भजनों ने और दिव्या तथा ईशा दो छोटी बच्चियों के सुन्दर भजनों ने भक्तों का मन मोह लिया।

राजरूपपुर में स्थित कैलाश मंडपम् मंदिर के पारदेश्वर शिवलिंग पर चारों प्रहर के अभिषेक पूजन के बारे में बताते हुए ज्योतिषाचार्य नागेश ने बताया कि 9.30 तक प्रथम प्रहर का अभिषेक आरती की गई। दूसरा प्रहर 9.30 से 12.30 तक चला। मध्य रात्रि में तीसरे प्रहर का अभिषेक और प्रात: भोर में चौथे प्रहर का अभिषेक करने के पश्चात 5:30 पर भोलेनाथ का श्रृंगार करके भक्तों ने आरती की और रात्रि जागरण का अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। आचार्य नागेश दत्त द्विवेदी ने कहा कि इस मौके पर पुण्य लाभ लेने शहर के लोग तो आते ही हैं साथ में पड़ोसी जनपद कौशाम्बी प्रतापगढ़ के भी भक्त भी बाबा के दरबार में रात भर हाजरी लगाते हैं।

बताया कि चारों प्रहर में प्रतिमा का अलग अलग श्रृंगार किया गया एवं चाय प्रसाद आदि भी वितरित किया गया। इस अवसर पर क्षत्रपाल शुक्ल वरिष्ठ पत्रकार रजनीश केशरवानी अधिवक्ता मनीष द्विवेदी अधिवक्ता आशुतोष सिंह अजय चौबे संजय द्विवेदी राकेश त्रिपाठी प्रमोद श्याम नीरज मिश्र रामबिलास ज्ञान अधिवक्ता रंजन श्रीवास्तव दीपक पाण्डेय शैलेन्द्र श्रीवास्तव आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# महाकुंभ मेला को सफल बनाने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारी बधाई के पात्र: डॉ वशिष्ठ

**संवाददाता।** महाकुंभ नगर



**गंगा** और यमुना जल प्रदूषण निवारण प्रर्दशनी शोध प्रसार प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण जन जागरण महाभियान के निदेशक सचिव व्यवस्थापक पर्यावरणविद डॉ वशिष्ठ नारायण शुक्ल ने कहा कि महाकुंभ मेला को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में योगदान करने वाले सभी अधिकारी और कर्मचारी निश्चित ही बधाई के पात्र हैं क्योंकि रात दिन जिस तरह से कड़ी मेहनत करके इतने विशाल आयोजन में भागीदारी निभाई है वह काबिले तारीफ है। डा वशिष्ठ नारायण शुक्ल ने कहा कि हम सभी को प्रयागराज के कई कुम्भ और अर्द्धकुंभ मेला को देखने का सौभाग्य मिला है लेकिन इतने बड़े पैमाने पर भीड़ को देखना अपने आपमें किसी बड़े आश्चर्य से कम नहीं है इसलिए इस महाकुंभ मेला को एक विशाल ऐतिहासिक मेला कहना ज्यादा श्रेयस्कर होगा। डा शुक्ल ने कहा कि हम 1981 से माघ कुम्भ मेले को देख रहे हैं और पर्यावरण जनजागरण महाभियान का कार्यक्रम कर रहे हैं पर ऐसा जनसमूह पहले कभी नहीं देखा गया था।

## मंत्री नंदी ने पूर्व महापौर के साथ संगम में लगाई डुबकी



**महाकुंभ नगर।** गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिन सन्निधिं कुरु। भगवान भोलेनाथ की उपासना को समर्पित महाशिवरात्रि के स्नान पर्व पर आज उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ श्रद्धा भक्ति और संकल्प के त्रिवेणी संगम में सपरिवार आस्था की डुबकी लगाकर लोक कल्याण एवं पुण्य की कामना की। देवाधिदेव महादेव की जटाओं से निकली पुण्य सलिला भगवती मां गंगा को नमन करते हुए चुनरी चढ़ाई। मंत्री नन्दी ने कहा कि मां गंगा की अविरल धारा केवल जल नहीं बल्कि सनातन संस्कृति भक्ति और मोक्ष की वाहक है।

# महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब



**बीजपुर, सोनभद्र।** हिंदुओं के पावन पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को शिवालयों के साथ साथ अन्य मंदिरों में भी जन सैलाब की उमड़ी हुई भीड़ एवं भूत-भावन भगवान शंकर व मां पार्वती के जय उद्घोष से समूचा क्षेत्र भक्तिरस से सना रहा।रविवार को भोर से हीं श्रद्धालुओं का ताँता सड़कों पर व ग्रामीण क्षेत्रों में लगा रहा। ग्राम सभा जरहाँ में अजीर नदी के सुरम्य वातावरण में स्थित अजीरेश्वर धाम का नजारा एवं मेले में लगाए गए विभिन्न खाद्य सामग्रियों एवं पूजन सामग्री को लेने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई दिखाई दी। जहां प्रभारी निरीक्षक बीजपुर अखिलेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस बलों के साथ साथ अन्य बलों की टुकड़ियां सुरक्षा के मद्देनजर मुस्तैदी से तैनात रहकर अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए बखूबी से देखे गए।यही आलम एन टी पी सी रिहंद स्टेशन के आवासीय परिसर में स्थित रिहन्देश्वर महादेव मंदिर में भी देखने को मिला। जहां मंदिर के पूजा समिति के तत्वावधान में मंगलवार से ही भजन कीर्तन, अखण्ड रामायण चल रहा था।

# महाशिवरात्रि पर चित्रकूट में उमड़ा आस्था का सैलाब

● ब्रह्मा जी ने क्षेत्रपालक के रूप में की थी स्वामी मत्तगजेंद्रनाथ की स्थापना

**संवाददाता।** चित्रकूट



**भगवान** भोलेनाथ की आराधना के महापर्व शिवरात्रि पर देश भर से विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट आए लाखो श्रद्धालुओ ने रामघाट पहुंच मंदाकिनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद भगवान ब्रह्मा द्वारा स्थापित राजाधिराज स्वामी मतगजेन्द्र का जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर लाखो की संख्या में श्रद्धालुओ के चित्रकूट आने की संभावनाओ के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा रामघाट और कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

मंदाकिनी के रामघाट में भगवान ब्रम्हा द्वारा स्थापित सृष्टि के प्रथम शिवलिंग स्वामी मत्तेगजेंद्र नाथ मंदिर के प्रधान पुजारी विपिन महाराज ने बताया कि सृष्टि रचना से पूर्व भगवान ब्रह्मा ने स्वामी मतगजेन्द्र नाथ सरकार को चित्रकूट के क्षेत्र पालक के रूप में स्थापित किया था। पुजारी ने बताया कि वनवास काल में प्रभु श्रीराम ने भी स्वामी मतगजेन्द्र नाथ सरकार से ही आज्ञा लेकर चित्रकूट में निवास किया था। महाशिवरात्रि पर देश भर से लाखो श्रद्धालु मंदाकिनी गंगा में अमृत स्नान कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर अपने जीवन को धन्य करते हैं।

वहीं चित्रकूट संत समाज के अध्यक्ष दिगम्बर अखाडा के महंत दिव्य जीवन दास महाराज ने बताया कि चित्रकूट विश्व का सबसे बड़ा और प्राचीन तीर्थ है। इसकी महिमा का अंदाजा इसी बात से किया जा सकता है कि प्रयागराज स्वयं अपने पापों के भार को कम करने के लिए वर्ष में एकबार चित्रकूट की मंदाकिनी गंगा में स्नान करने के लिए आते है। चित्रकूट में शिव और शक्ति की आराधना के बाद भी प्रभु श्रीराम को लंकापति रावण से लडने की शक्तियां मिली थी।

बताया कि देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु चित्रकूट पहुंचकर भगवान भालेनाथ की आराधना करते है। बताया कि चित्रकूट विश्व का एकलौता तीर्थ है जहां त्रिदेवों ने लीला की है।

वहीं श्रद्धालु डा0 प्रमिला मिश्रा का कहना है कि स्वामी मतगजेन्द्र के पूजन करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। वहीं शिवरात्रि पर्व को सकुशल सम्पन्त्र कराने में अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम के नेतृत्व में जुटे एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद और सदर एसडीएम पूजा साहू ने मेला परिक्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही मेला व्यवस्था में लगे अधिकारियों से सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम ने बताया कि चित्रकूट विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ है। मंदाकिनी के रामघाट स्थित स्वामी मतगजेन्द्र नाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए देर रात से ही शिवभक्तों का जमावड़ा लगा हुआ है।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महिला और पुरुष की अलग अलग लाइनें लगवाई गई हैं।इसके अलावा भारी सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने भी मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## क्विक न्यूज

### अवैध गिट्टी लदे ट्रक के साथ एक गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस द्वारा अपराध पर प्रभावी रोकथाम लगाने व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 25 फरवरी को पुलिस व खनन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा खान निरीक्षक मनोज कुमार के तहरीर के आधार पर चौकी प्रभारी कांशीराम आवास बृजेश दुबे द्वारा एक ट्रक यूपी 64 बीटी 6576 पर 32 घनमीटर गिट्टी लदा हुआ व एक अभियुक्त साजन कुमार पुत्र लल्लू निवासी कोलान बस्ती, पोस्ट गुर्मा थाना चोपन जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना राबर्ट्सगंज पर मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त साजन कुमार को न्यायालय भेज दिया गया। वाहन स्वामी राहुल कुमार पुत्र शम्भू केशरी निवासी वन्दना थाना रायपुर, वाहन को पास कराने वाले रोहित केशरी ब्लैक स्कार्पियो यूपी 64ए जेड 8515, एक अन्य पासर व वाहन को बिना खनिज प्रप्रत्र के गिट्टी लोड कराने वाले निषाद स्टोन क्रेशिंग कम्पनी के मालिक लक्ष्मी नारायण पुत्र शम्भू नाथ निवासी डाला बाजार कोटा ओबरा थाना चोपन को वांछित किया गया।

### महाशिवरात्रि पर डैफोडिल्स स्कूल में हुआ महा रुद्राभिषेक



**मीरजापुर।** डैफोडिल्स मीरजापुर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर डैफोडिल्स स्कूल लोहिया तालाब मीरजापुर में भगवान भोलेनाथ का विशेष पूजन और महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के गुरुकुल के सभी बच्चों, अध्यापिकाओं और शहर के प्रतिष्ठित लोगों ने भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधक अमरदीप ने सपत्नी पूजा में मुख्य भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मिट्ठू बनर्जी,सुश्री अर्पिता मुखर्जी श्रीमतीसुमिता दत्ता, श्रीमती प्रेरणा आशीष तिवारी व अंशु शर्मा ,अरुण शर्मा व बच्चों ने भगवान शिव की पूजा की और महा रुद्राभिषेक किया। इसके बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया। विद्यालय का प्रांगण शिव पार्वती के शुभ विवाह के मंडप के रूप में सजाया गया था मंत्रों के साथ यज्ञ व हवन कुंड में आहुतियां दी गई।यह कार्यक्रम पूरे शहर में अपनी तरह का अनोखा आयोजन था, जिसने सभी को आकर्षित किया।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो की मौत, एक घायल

**राजगढ़ ,मीरजापुर।** मड़िहान थाना क्षेत्र के गोपालपुर में बुधवार के दोपहर 12 बजे के लगभग लालगंज कलवारी मार्ग पर ट्रैक्टर के टक्कर से दो व्यक्ति की मौत हो गई। एक गंभीर रूप से हो घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक महेश कोल (25) पुत्र जगनरायन उर्फ डान कोल निवासी गोपलपुर दूसरे मृतक गौरव (30)कोल पुत्र रघुनाथ उर्फ फॉरेस्टर निवासी गोपलपुर घायल सूरज (24) पुत्र सोहन लाल निवासी गोपलपुर यह तीनों बाइक से सुगापांख बाजार से अपने घर गोपलपुर आ रहे थे। इधर कलवारी की तरफ से ट्रैक्टर ट्राली ईट लादकर जा रही थी। ज्यों ही इनकी बाइक गोपालपुर के पास पहुंची सामने से आ रही ईट लदें ट्रैक्टर में अनियंत्रित होकर घुस गयी ,और पीछे से आ रही बोरवेल ट्रक भी उनको रौंद दिया। जिससे बाइक सवार महेश की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची मड़िहान पुलिस दोनों घायलों को मड़िहान सीएचसी पहुंचवाया जहां चिकित्सकों ने गौरव को देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं तीसरे घायल सूरज की स्थिति नाजुक देखते हुए ट्रामा सेंटर मीरजापुर के लिए रेफर कर दिया गया।

### 7.62 ग्राम हेरोइन के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**सोनभद्र।** बुधवार को थाना राबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त रइस आलम पुत्र बदरे आलम निवासी पुरब मोहाल थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 32 वर्ष के पास से 07.62 ग्राम नाजायज हेरोइन, 02 मोबाईल व 01 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना राबर्ट्सगंज पर मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया। दो अन्य वांछित अभियुक्त श्याम यादव पुत्र अज्ञात निवासी जैत थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र व गोलू गिरी पुत्र अज्ञात निवासी ब्रम्हनगर थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र की तलाश की जा रही हैं। गिरफ्तार करने वाले टीम में नई बाजार चौकी प्रभारी सन्तोष कुमार सिंह, उ0नि0 अशोक यादव हे0का0 ओमप्रकाश यादव सामिल रहे।

### नीति निर्धारकों और विशेषज्ञों के बीच हुई रणनीतिक चर्चा

**प्रयागराज।** ऊर्जा और विद्युत क्षेत्र के भविष्य को दिशा देने वाला प्रमुख मंच इलेक्रामा बना हुआ है। यहां उद्योग जगत नीति निर्धारकों और विशेषज्ञों के बीच रणनीतिक चर्चाएं हो रही हैं। इस मंच पर उद्योग सहयोग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इलेक्रामा के पहले दिन आयोजित सीईओ राउंडटेबल ने ऊर्जा क्षेत्र के भविष्य पर एक महत्वपूर्ण संवाद की नींव रखी। इस सत्र में एक सौ बीस से अधिक उद्योग जगत के दिग्गजों नीति निर्धारकों और वैश्विक विशेषज्ञों ने भाग लिया।

# एमएलसी डॉ .हरिओम पांडे ने डीएम के साथ किया भगवान शिव की प्रतिमा का अनावरण

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर



**एमएलसी** डॉ .हरिओम पांडे वा जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने श्रवण क्षेत्र धाम में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर भगवान शिव जी की प्रतिमा का मंत्रों उच्चार तथा धार्मिक रीति रिवाज के साथ अनावरण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि श्रवण क्षेत्र धाम को उसकी पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए एक बड़े आधुनिक पर्यटन स्थल के रूप में विकास किया जा रहा है, यहां बाहर से आने वाले श्रद्धालु के लिए गेस्ट हाउस के निर्माण कार्य चल रहा है, नया आधुनिक पंचायत घर बनवाया गया है।

नई पुलिस चौकी बनवाई गई है इसके साथ ही साथ हवन, भंडारा आदि करने के लिए यहां पर एक अलग टीन सेड का निर्माण किया गया है। श्रवण धाम मंदिर को एक प्रयटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री के विजन के अनुसार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देते हुए एवं स्थानीय रोजगार का सृजन करते हुए वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के सपने को साकार रूप दिया जा रहा है मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप पूरे क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जा रहा हैं। जो लोग अयोध्या आते हैं वह लोग भी यहां पर अवश्य आए। और यहां पर पर्यटकों के ठहरने के लिए व्यवस्थाएं की जा रही है।

श्रवण क्षेत्र का घाट तीन नदियों से तमसा नदी, विसुही नदी तथा मडहा नदी के उद्गम का पौराणिक संगम स्थल है। सर्वविदित है कि अयोध्या तीर्थ के बाद प्रमुख पौराणिक श्रवण कुमार की तपोस्थली श्रवण धाम है। माता-पिता की भक्ति के प्रतीक श्रवण कुमार की तपोस्थली श्रवणक्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध है।

श्रवण क्षेत्र का उल्लेख पुराणों में भी मिलता है। हिंदू समाज के लोगों में इस स्थान को लेकर गहरी आस्था है। इसके पूर्व 15 दिसंबर 2024 को जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा श्रवण क्षेत्र धाम में भगवान राम की प्रतिमा का भी अनावरण किया गया था।

## कैंसर देश में बना प्रमुख स्वास्थ्य चुनौती: पुरी

**महाकुंभ नगर।** प्रयागराज में महाकुंभ मेला अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर गया। जहां अमृता मेडिकल टीम ने डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं को निशुल्क और व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर उनकी सेवा की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। अमृता अस्पताल फरीदाबाद के प्रशासनिक निदेशक स्वामी निजामृतानंद पुरी और संन्यासी ब्रह्मचारी मोक्षामृत चैतन्य ने कहा कि कुंभ मेले में मेडिकल टीम भेजकर यह सुनिश्चित किया है कि हर व्यक्ति चाहे उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि जो भी हो गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बना सके। कहा कैंसर भारत में एक प्रमुख स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है जो सभी आयु वर्गों और समुदायों के को प्रभावित करती है। इस आयोजन में करीब साठ करोड़ लोगों के आने की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक थी। श्रद्धालुओं की विशाल संख्या के कारण संक्रामक रोग श्वसन संबंधी समस्याएं और पुरानी बीमारियों से जुड़ी स्थितियों का खतरा बढ़ गया।

# महाशिवरात्रि पर स्वंयभू कालेश्वरनाथ मंदिर में उमड़ा जनसैलाब



**चन्दौली।** सकलडीहा कस्बा के महेश्वर मंदिर और चतुर्भुजपुर स्थित स्वंयभू बाबा कालेश्वरनाथ मंदिर पर बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ श्रद्धालुओ ने बाबा का जलाभिषेक किया। सुबह 3 बजे भोर से भक्तों की लम्बी लाइन लगी हुई थी। इस मौके पर काफी संख्या में शिवभक्त और महिलाओं ने विधि विधान से दर्शन पूजन किया। सुरक्षा को लेकर एसडीएम अनुपम मिश्रा और सीओ रघुराज पुलिस और पीएससी फोर्स के साथ तैनात रहे। चतुर्भुजपुर स्थित कालेश्वरनाथ मंदिर क्षेत्र का प्राचीन मंदिर है। यही कारण है कि जनपद सहित आसपास के जिले और बिहार प्रान्त से बड़ी संख्या में लोग यहा ट्रेन और निजी वाहन से जलाभिषेक के लिए पहुचते है। सुबह से ही महिला-पुरुषों की लंबी लाइन लगी थी।भगवान भोलेनाथ का दर्शन करने के लिए लोग कतार में खड़े थे। सुरक्षा के मद्देनजर एसडीएम अनुपम मिश्रा तहसीलदार अजीत कुमार सिंह, सीओ रघुराज के नेतृत्व में कोतवाल हरिनारायण पटेल पुलिस कर्मियों के साथ मुस्तैद रहे।

# प्रयागराज की तर्ज पर तपोभूमि चित्रकूट में हुई साधु-संतों द्वारा शाही अमृत स्नान की शुरुआत

**संवाददाता।** चित्रकूट



**भगवान** श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट में साधु संतों ने प्रयागराज की तर्ज पर शाही सवारी निकाल कर मन्दाकिनी नदी में अमृत स्नान करने की परम्परा की शुरुवात कर दी है।बुधवार को ग्रामोदय विवि परिसर से कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज की अगुवाई में साधु संतों ने भव्य शाही सवारी निकाल कर रामघाट पहुंच मंदाकिनी गंगा में हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया है।

बता दें कि कुम्भ या महाकुम्भ पड़ने पर तीर्थ स्थल प्रयागराज त्रिवेणी, हरिद्वार और नासिक में अमृत स्नान का अयोजन होता है,जिसमें देश के कोने कोने से श्रद्धालु स्नान, दर्शन व पूजन करने के लिए पहुंचते है। लेकिन चित्रकूट एक ऐसा तीर्थ स्थल है जहाँ तीर्थराज प्रयागराज खुद अपने पाप धोने के लिए मन्दाकिनी नदी में स्नान करने के लिए आते हैं। इसी मान्यता के अनुसार चित्रकूट के साधु संतों ने शाही सवारी निकालने और अमृत स्नान करने की पहल की शुरुवात की है।

अखिल भारतीय विरक्त संत मंडल चित्रकूट धाम और मन्दाकिनी आरती ट्रस्ट के नेतृत्व में साधु संतों ने मध्यप्रदेश के ग्रामोदय विश्वविद्यालय के पास से भव्य शाही सवारी निकाली गई जो अलग-अलग वाहनों पर साधु संत सवार होकर अमृत स्नान करने के लिए रामघाट के लिए निकले, जगह जगह श्रद्धांलुओं ने साधु संतों पर पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। साधु संत गाजे बाजे और हाथी घोड़ा के साथ रामघाट पहुचे जहाँ उन्होंने एक साथ मन्दाकिनी नदी में अमृत स्नान किया। इसके बाद उन्होंने भगवान लड्डू गोपाल कि पूजा अर्चना की फ़िर माँ मन्दाकिनी नदी कि आरती की। साधु संतों कि इस पहल को देखकर श्रद्धांलुओं में काफी उत्साह नजर आया है।

कामदगिरि मंदिर के महंत मदन गोपाल दास जी महाराज का कहना है कि जब सारे तीर्थ स्नान के लिए तीर्थराज प्रयाग जाते है और तीर्थराज प्रयाग खुद चित्रकूट स्नान करने के लिए आते हैं तो चित्रकूट में अमृत स्नान का आयोजन क्यों नहीं जबकि सभी तीर्थ में अमृत स्नान का आयोजन किया जाता है इसीलिए इस परंपरा की शुरुआत की गई है और आगे भी साधु-संतों के साथ बैठक कर इस परम परंपरा को बृहद रूप से जारी रखेंगे।

वही सनकादिक महाराज ने विवादित बयान देते हुए कहा है कि चित्रकूट में अमृत स्थान की नई परंपरा की शुरुवात की गई है इस संकल्प के साथ साधु संतों ने स्नान किया है कि जब मक्का में 40 किलोमीटर की दायरे में हिंदू भाई प्रवेश नहीं कर सकता तो चित्रकूट में मुसलमान भाई कैसे रह सकता है और हम रहने भी नहीं देंगे। अभी अमृत स्नान की परंपरा बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर की गई है आगे जब अर्ध कुम्भ पड़ेगा तो जैसे हरिद्वार की बैठक वृंदावन में होती है वैसे प्रयागराज की बैठक चित्रकूट में आयोजित करने की रणनीति बनाई जाएगी और इसी तरह इस अमृत इंसान की परंपरा आगे बढ़ाते रहेंगे।

# जिलाधिकारी ने किया स्वामी मत्तगजेंद्र नाथ का जलाभिषेक



**चित्रकूट।** महाशिवरात्रि पर्व पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सपरिवार चित्रकूट के राजाधिराज स्वामी मतगजेंद्र नाथ भगवान का पूजन अर्चन कर महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत संपूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। इस मौके पर डीएम ने मेला क्षेत्र में लगे जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी यादव को निर्देशित किया कि रामघाट और परिक्रमा मार्ग की सफाई कर्मियों के माध्यम से निरंतर साफ-सफाई कराई जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वहीं जिलाधिकारी के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम,अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, उपजिलाधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू के साथ मंदाकिनी के रामघाट का सघन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी श्री निगम ने कहा कि महाशिवरात्रि पर देश भर से लाखों श्रद्धालु चित्रकूट पहुंचकर कर मंदाकिनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद राजाधिराज स्वामी मत्तगजेंद्र नाथ भगवान का जलाभिषेक कर रहे है।

# मंडलायुक्त ने किया सिद्धपुर गांव के सचिवालय का लोकार्पण



**चित्रकूट।** सदर तहसील क्षेत्र की सिद्धपुर ग्राम पंचायत में चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में 'गांव की समस्या गांव में समाधान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मंडलायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान योजना के अंतर्गत 22 लाख रुपये की लागत से बने ग्राम सचिवालय/पंचायत भवन का लोकार्पण किया।

मंडलाआयुक्त ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी पात्र लाभार्थियों को वृद्धा एवं विधवा पेंशन मिलनी चाहिए, इसमें कोई भी छूटने न पाए। उन्होंने दिव्यांग विभाग द्वारा संचालित यूडीआईडी कार्ड के बारे में जानकारी ली। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि खाद्यान्न का समय से वितरण करना सुनिश्चित करें तथा खाद्यान्न में किसी प्रकार की मिलावट नहीं होनी चाहिए। परियोजना निदेशक को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का सही से सर्वे कराए तथा इसमें अपात्रों को लाभ न मिलने पाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी को पोषाहार का समय से वितरण कराते हुए फील्ड में भी विजिट करने के निर्देश दिए। मनरेगा अंतर्गत कार्य करने वाले मजदूरों के जॉब कार्ड की जानकारी लेते हुए मंडलायुक्त ने समय से भुगतान करने के निर्देश दिए।

# स्वतंत्रता महत्वपूर्ण

## सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**सुप्रीम कोर्ट** ने स्वागत योग्य निर्देश दे कर पुन: स्पष्ट किया है कि जमानत और स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट ने एक हालिया फैसले में बहुत व्यावहारिक राय सामने रखी है जिसका लोकतंत्र के कामकाज पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कैलाश कुमार बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य में उच्च न्यायालय का एक आदेश खारिज कर दिया जिसमें आरोपी को जमानत से इनकार किया गया था। इस प्रकार उसने व्यक्तिगत स्वतंत्रता को महत्व दिया है। यह फैसला व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा के प्रति न्यायपालिका की प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए यह सुनिश्चित करता है कि अदालतें व्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार में हस्तक्षेप नहीं करेंगी। स्वतंत्रता भारतीय संविधान का महत्वपूर्ण सिद्धान्त है जिसे अनुच्छेद 21 में स्थान दिया गया है। इसके अनुसार किसी व्यक्ति को विधिक प्रक्रिया को छोड़ कर उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जा सकता है। इस संदर्भ में जमानत मनमानी हिरासत से सुरक्षा देते हुए यह सुनिश्चित करती है कि दोषी सिद्ध होने तक आरोपी स्वतंत्र रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने लगातार कहा है कि जमानत नियम और जेल अपवाद है। ऐसा खासकर उस स्थिति में है जब आरोपी विधिक प्रक्रिया के लिए खतरा नहीं पैदा करता है। सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय का निर्णय उलटते हुए व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संरक्षण के बारे में महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किया है।



सुप्रीम कोर्ट का फैसला इस व्यापक न्यायिक सिद्धान्त के अनुरूप है कि जमानत एक अधिकार है और इसे अदालतों के विवेकाधिकार पर विशेषाधिकार की तरह नहीं समझा जाना चाहिए। माना जाता है कि सुनवाई-पूर्व हिरासत दंडात्मक न हो कर सुनवाई में आरोपी की उपस्थिति सुनिश्चित करने का माध्यम होना चाहिए। अनेक फैसलों में अदालत ने स्पष्ट किया है कि जब तक दुर्व्यवहार के स्पष्ट प्रमाण न हों तब तक जमानत से इनकार करना व्यक्ति के मूलाधिकारों का उल्लंघन होगा। लेकिन अदालतों को आरोपी के अधिकारों तथा न्याय व समाज की सुरक्षा के बीच संतुलन अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस बात की पुन: पुष्टि निचली अदालतों को याद दिलाने के लिए है कि जमानत एक मूलाधिकार है जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रतीक है। न्यायपालिका को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि जमानत के निर्णय आरोपी की संलिप्तता की विषयनिष्ठ व्याख्या के बजाय विधिक सिद्धान्तों से निर्देशित हों। इस विचार का दूरगामी प्रभाव होने की उम्मीद है जिससे अनेक विचारधीन कैदियों, खासकर राजनीतिक एक्टिविस्टों की किस्मत तय हो सकती है जो जेलों में बंद हैं। उदाहरण के लिए, फरवरी, 2025 में कुछ लोगों को 2020 में दिल्ली दंगों के संबंध में आरोपी बनाया गया था और वे जमानत की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इनमें उमर खालिद, शर्जील इमाम तथा ताहिर हुसेन शामिल हैं। लगातार जमानत की प्रार्थनाओं के बावजूद अदालतो ने उनको राहत देने से इनकार किया है। न्यायपालिका को देश-दुनिया में बढ़ते अपराधों, अपराधियों की मानसिकता तथा समाज की व्यवस्था बाधित करने में उनके द्वारा संभावित गतिविधियों को भी ध्यान में रखना होता है। विडंबना है कि अनेक अपराधी अपने आपराधिक कृत्यों को किसी खास विचारधारा या कट्टरपंथी धार्मिक विचारों के आधार पर सही ठहराते हैं। ऐसे अपराधियों को सुनवाई के समय जेल में बंद रखना जरूरी हो सकता है क्योंकि जमानत पर उनकी रिहाई से समाज में गलत संदेश जाता है जिससे दूसरे नौजवानों में आपराधिक प्रवृत्ति पैदा हो सकती है। अतीत में न्यायपालिका ने अनेक निरोधक नजरबंदी कानूनों को समाप्त किया, पर प्रशासन को समय की आवश्यकता को देखते हुए ऐसे या इससे भी कठोर कानून पुन: बनाने पड़े। अत: सुप्रीम कोर्ट के इस निर्देश को कार्यपालिका की सीमाओं तथा समाज में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की आवश्यकताओं के साथ रख कर देखना उचित होगा।

# उच्च शिक्षा में महिलाओं का योगदान

**महिला अकादमीशियन व उद्यमी न केवल संस्थाओं को स्वरूप दे रही हैं, बल्कि अपनी प्रतिबद्धता और दृढ़ता से भारत की सामाजिक-आर्थिक प्रगति को गति दे रही हैं।**



**सुजाता क्षीरसागर**
(लेखिका, एक संस्थान की प्रमुख हैं)



महिलायें आज अकादमिया या शिक्षा, मीडिया, स्वास्थ्यरक्षा, सशस्त्र बलों व अन्य अनेक क्षेत्रों में सामने आ कर नेतृत्व कर रही हैं। पहले महिला नेतृत्व को स्वीकार करने की तुलना में आज देश में व्यापक परिवर्तन आया है। भारतीय उच्च शिक्षा परिदृश्य भी मजबूत महिला-नीत बल के कारण बदल रहा है। उन्होंने देश की प्रगति की नीव डाली है, सामाजिक-आर्थिक प्रगति के अवसर खोले हैं, तथा आत्मनिर्भरता व जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि की है। कहने की आवश्यकता नहीं कि 'विकसित भारत' की यात्रा में महिला सशक्तीकरण हेतु शिक्षा आवश्यक है। शिक्षित महिलायें परिवर्तन लाती हैं, परिवारों को ऊपर उठाती हैं, समुदायों को मजबूत करती हैं तथा राष्ट्रीय प्रगति सुनिश्चित कर भावी पीढ़ियों पर स्थाई प्रभाव छोड़ती हैं।

जहां तक नेतृत्व का सवाल है, आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय उच्च शिक्षा में पुरुष प्रभुत्व बना हुआ है, हालांकि महिलायें इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। 2021 में भारतीय उच्च शिक्षा में महिला नेतृत्व केवल 9.55 प्रतिशत था, जबकि पुरुष 89.57 प्रतिशत नेतृत्व दे रहे थे। इससे अकादमिक नेतृत्व में महिलाओं का नेतृत्व अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। यदि हम भारत की तुलना अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य से करें तो व्यापक कमी सामने आती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैश्विक सर्वोच्च 200 विश्वविद्यालयों में से 25 प्रतिशत का नेतृत्व महिलायें कर रही हैं। अच्छी खबर है कि यह तस्वीर तेजी से बदल रही है और खासकर पिछले कुछ साल में बदली है।

अतीत में भी देश ने अनेक दूरदर्शी महिला नेताओं को देखा है जिनमें सावित्रीबाई फुले जैसी समाजसुधारक हैं जिन्होंने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिल कर भारत में 1948 में लड़कियों का पहला स्कूल स्थापित किया था और इस प्रकार महिला शिक्षा तथा सामाजिक न्याय की पैरोकारी की थी। उच्च शिक्षा में महत्वपूर्ण परिवर्तन करने वाली अन्य उल्लेखनीय व व्यावहारिक महिला नेताओं में 'लवली प्रोफेशनल युनिवर्सिटी' की प्रो-चांसलर सुश्री रश्मि मित्तल तथा 'नोयडा इंटरनेशनल युनिवर्सिटी' की उप-कुलपति डा. उमा भारद्वाज, 'चित्कारा युनिवर्सिटी' की प्रो-चांसलर डा. मधु चित्कारा शामिल हैं। 42 साल के व्यापक अनुभव वाली उच्च शिक्षा उद्यमी डा. चित्कारा ने एक सफल विश्वविद्यालय बनाया है।

दिल्ली-एनसीआर में 'शिव नाडार युनिवर्सिटी' की उप-कुलपति डा. अनन्या मुखर्जी के संस्थान को 'इंस्टीट्यूशन आफ इमीनेंस' माना गया है। इसके साथ ही बिजनेस और उद्यमिता के क्षेत्र में महिला नेताओं ने उभरते भारतीय युवाओं को प्रेरणा दी है। इनमें किरन मजूमदार शा तथा इंदिरा नूई खासतौर से उल्लेखनीय महिला नेता हैं जिन्होंने खोज एवं समावेशी परिवेशों से भारतीय उच्च शिक्षा में बदलाव किए हैं। नेतृत्वकारी स्थितियों में ज्यादा महिलाओं से विविधता प्रोत्साहित होगी तथा अकादमिक क्षेत्र को नए आयाम मिलेंगे। अपने प्रयासों से वे भारत में भावी पीढ़ियों को ज्यादा प्रगतिशील और समतापूर्ण शिक्षा परिदृश्य विकसित करने की प्रेरणा दे रही हैं।

हालांकि, महिलाओं को अकादमिक क्षेत्र में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जिनमें एक ओर सामाजिक पूर्वाग्रह तथा दूसरी ओर संस्थानों में पैदा बाधायें शामिल हैं। अनेक महिलायें अब भी अपने खिलाफ अनेक पूर्वाग्रहों का सामना कर रही हैं जिनका संबंध खासकर परंपरागत क्षेत्रों में नेतृत्व की उनकी क्षमता से है। महिलाओं को 'मेंटर' प्राप्त करने तथा अपनी पेशेवर प्रगति के लिए नेटवर्क बनाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। दुनिया भर में महिला नेताओं के लिए मुख्य मुद्दों में 'वर्क-लाइफ बैलेंस' तथा वरिष्ठ नेतृत्वकारी स्थितियों में कम उपस्थिति है। भारत ने देश भर में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-यूजीसी के माध्यम से महिला फैकल्टी के उन्मुखीकरण व प्रशिक्षण के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। इन पहलों का उद्देश्य महिलाओं को नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए तैयार करना तथा उनको उचित कौशलों और ज्ञान से लैस करना है।

अन्य देशों में ऐसे कार्यक्रम बनाए गए हैं जिनमें अकादमिक क्षेत्र में महिलाओं द्वारा बाधायें तोड़ने के लिए नेतृत्वकारी प्रशिक्षण व समावेशन पर ध्यान दिया गया है। कुछ देशों ने अकादमिक क्षेत्रों में महिलाओं की संख्या में शानदार वृद्धि दर्ज की है, लेकिन इसके बावजूद भारत समेत बाकी दुनिया को इस संबंध में लंबा रास्ता तय करना है। शिक्षा में सशक्तीकरण का अर्थ केवल पहुंच का सवाल न होकर इसमें महिलाओं को शिक्षकों, नेताओं व माडलों की भूमिका देना भी शामिल है। स्कूलों और कालेजों में महिलाओं की संख्या में वृद्धि लड़कियों के लिए एक प्रेरणादायक बल का काम करती है जिससे वे अकादमिक क्षेत्रों में उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ती हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों के नेतृत्व में महिलाओं की भूमिका के बारे में विविधतापूर्ण विचार एक समावेशी व खोजी परिदृश्य तैयार करते हैं। महिला प्रोफेसरों ने प्रगतिशील शिक्षा नीति तथा शोध की गुणवत्ता में रीढ़ की हड्डी जैसा काम किया है। अब महिलायें अनेक महत्वपूर्ण विभागों तथा शोध संस्थानों का संचालन कर रही हैं जो विश्वविद्यालयों के जीवन में उनके बढ़ते प्रभाव का प्रमाण है।

लड़कियों व महिलाओं के लिए खासकर 'स्टेम' क्षेत्रों में कार्यक्रमों व फेलोशिप ने रचनात्मकता और उत्कृष्टता का संसार बनाने में सहायता की है। वर्तमान समय में भारत के कुछ सर्वाधिक हाई-प्रोफाइल विश्वविद्यालयों व संस्थानों में महिलायें शिखर पर हैं। वे शिक्षा तक ज्यादा पहुंच पैदा करने के साथ ही उसे समतापूर्ण बना रही हैं। महिला नेता अकादमिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग संस्थानों समेत महिला-नीत संस्थान हजारों छात्रों को दिशा दे कर उनकी महत्वाकांक्षाओं को स्वरूप दे रहे हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि महिला नेता शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन कर रही हैं तथा वे अच्छी प्रबंधक हैं।

महिलायें शिक्षक तथा परिवर्तन की वाहक हैं। वे समावेशन को बढ़ावा देने तथा समुदायों को सशक्त बनाने के माध्यम से खाली स्थान भर कर अच्छे नेता की भूमिका अदा कर रही हैं। शक्तिशाली, समाधान-केन्द्रित व प्रतिक्रियात्मक कार्यबल के रूप में महिलायें खासकर अपरिहार्य हैं क्योंकि वे न केवल आर्थिक प्रगति, बल्कि सामाजिक न्याय भी सुनिश्चित करती हैं। शिक्षा में महिलाओं की सर्वाधिक प्रभावशाली भूमिका प्रौढ़ साक्षरता तथा कौशल विकास में दिखाई देती है। महिला शिक्षकों ने ग्रामीण व हाशियाकृत समुदायों में साक्षरता दर बढ़ाने के साथ उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियां बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

महिला उद्यमी भी पूरे भारत में सीखने की दिशा में विभिन्न खोजी समाधानों के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में क्रांति ला रही हैं। महिला वित्तपोषकों के 'एडटेक' प्लेटफार्म ने परिवर्तनशील माडलों, डिजिटल क्लासरूम प्रयोगों तथा एआई-आधारित विश्लेषकों को प्रोत्साहित किया है। इससे उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों का प्रदर्शन बेहतर हुआ है तथा उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक उनकी पहुंच बढ़ी है। सामाजिक विकास तथा तकनीकी शिक्षा एक दूसरे की सहायता कर रहे हैं। उच्च शिक्षा में महिला नेताओं की संख्या बढ़ाना न केवल उच्च शिक्षा, बल्कि जेंडर समानता के लिए भी जरूरी है जो भारत की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020-एनईपी में अकादमिक क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता का महत्व समझ कर अनेक सुधारों का प्रस्ताव किया गया है।

उच्च शिक्षा में नेतृत्व प्रशिक्षण तथा मेंटरशिप सुविधाओं के माध्यम से भारत अकादमिक नेताओं के रूप में महिलाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। 'विकसित भारत' तथा 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण तथा भारत के 'जनसंख्या लाभांश' का लाभ उठाने के लिए महिलाओं की उच्च शिक्षा में सहभागिता बढ़ाना जरूरी है। इससे भारत को 'विश्व गुरु' बनाने में भी उल्लेखनीय योगदान मिलेगा।

# शिव और शक्ति की रात्रि है शिवरात्रि

> "शिव एक अनुभव है। यह अनुभव गुरु के चरणों में शुरू होता है और साधक की क्षमता के अनुसार प्रकट होता है।"

**अश्विनी गुरुजी**
(लेखक, आध्यात्मिक गुरु हैं)



शिवरात्रि शिव और शक्ति की रात्रि है, विलय की रात्रि है, पूर्णता की रात्रि है - इसे समझना एक साधना है...जो कई जन्मों तक चल सकती है या एक क्षण में पूरी हो सकती है, एक सुंदर यात्रा जो मार्ग में असंख्य सिद्धियां प्रदान करती है...शिव एक अनुभव है। यह अनुभव गुरु के चरणों में शुरू होता है और साधक की क्षमता के अनुसार प्रकट होता है। रावण ने इसका वर्णन करने के लिए शिव तांडव स्तोत्र की रचना की। आदि शंकराचार्य ने कहा न पापं, न पुण्यं, न सौखं, न दुखं... यह वर्णन करने के लिए कि यह क्या नहीं है। ये श्रेष्ठतम कोटि के शिव साधक थे, एक दुर्लभ घटना। उन्होंने जो वर्णन किया वह शिव का उनका अनुभव था; शिव हालांकि वर्णन से परे हैं, क्योंकि जो असीम है उसे शब्दों और अर्थों में नहीं बांधा जा सकता। इसलिए कोई भी पढ़ाई-लिखाई आपको अनुभव प्रदान नहीं कर सकती, उस अनुभव को प्राप्त करने के लिए आपको गुरु के अधीन साधना के मार्ग पर चलना होगा।

शिव का पहला अनुभव गुरु की शक्ति यह स्वास्थ्य, संबंध, नौकरी आदि हो सकता है। यह शिव तत्व का आपका अनुभव बन जाता है - जिसने अप्रकट को प्रकट किया है। वर्तमान समय में ध्यान आश्रम में ऐसे प्रकटीकरणों के उतने ही उदाहरण हैं जितने अतीत में ऐसे साधकों के आख्यान हैं जो अपनी इच्छानुसार वरदान पाने में सक्षम थे।

हालांकि, वह वरदान या प्रकट इच्छा, शिव का केवल एक पहलू है। 90 प्रतिशत लोग अनुभव से संतुष्ट थे और उनका ध्यान शिव से हटकर उस वस्तु पर चला गया जिसे वे चाहते थे। इसलिए उनके लिए शिव का अनुभव उसी तक सीमित हो जाता है। शिव के हज़ारों नाम



यहीं से निकले हैं। जो लोग अपना ध्यान भटकने नहीं देते, वे शिव के आयाम में आगे बढ़ते हैं। इसके बाद, योग की सूक्ष्म सिद्धियां प्रकट होने लगती हैं - दिव्यदृष्टि, दिव्यश्रवण, पूर्वाभास, अतीन्द्रिय बोध आदि। कई लोग इसे परम मान लेते हैं और यहीं अपना अनुभव समाप्त कर देते हैं। वे इस तरह प्राप्त सिद्धियों और शक्तियों में खुद को डुबो देते हैं और भूल जाते हैं कि यह भी केवल एक पहलू है। श्रेष्ठ साधक आगे बढ़ते हैं, जहां वे सृष्टि को चलाने वाली ऊर्जाओं के साथ अंत:क्रिया करना शुरू करते हैं, और सृष्टि की प्रक्रिया में उनकी सहायता करते हैं। ऊपर उल्लिखित कुछ सिद्धियाँ मात्र हैं, हालाँकि शिव का क्षेत्र अंतहीन है। इसे प्राप्त करने की कुंजी वैराग्य है। जिस क्षण कोई शिव के किसी पहलू या उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सिद्धि से जुड़ जाता है, ऊपर की ओर प्रगति रुक जाती है।

वैराग्य तभी संभव है जब किसी के पास वास्तविकता का ज्ञान हो और ज्ञान तभी संभव है जब कोई ध्यान में बैठ सके। ध्यान तभी होता है जब किसी ने अच्छे कर्मों का संचय किया हो, जो सेवा से प्राप्त होते हैं। सेवा पहला कदम है। सेवा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने पात्र का आकार या शिव के अनुभव को बढ़ाता है जिसे वह धारण कर सकता है। इस शिवरात्रि शिव के धाम में भूत, प्रेत, पिशाच, यक्ष, किन्नर, नाग, देव, दानव और मनुष्य सभी स्वीकृत हैं।

शिव के विभिन्न आयामों का अनुभव करने के लिए आपको किसी विशेष जाति का होना जरूरी नहीं है। शिवरात्रि शिव और शक्ति की रात्रि है, विलय की रात्रि है, पूर्णता की रात्रि है। गुरु शिवरात्रि की रात्रि में बिना किसी अपवाद के बताए मार्ग पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति में शिव और शक्ति की शक्ति को जागृत करते हैं।

अपने 25 वर्षों के सफर में मुझे अभी तक ऐसा कोई साधक नहीं मिला जिसने गुरु सानिध्य में शिव का अनुभव न किया हो। इस रात्रि में की गई सेवा और साधना से एक ही रात्रि में कई जन्मों के अनुभव और सिद्धियां प्राप्त होती हैं। यह शत-प्रतिशत विज्ञान है, धर्म नहीं। इसे स्वयं आजमाकर देखें।

# आप की बात

## महाकुंभ की महिमा

**प्रयागराज** के कुम्भ पर्व का महाशिवरात्रि के स्नान के साथ ही सम्पन्न हो गया । सरकारी आंकड़ों के अनुसार 45 दिन के इस पौराणिक महापर्व में लगभग 65 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया । अमृत प्राप्ति के प्रयोजन से पौराणिक समुद्र मंथन की कथा समस्त भारतीयों के लिए एक ऐतिहासिक घटना है जिसके परिणामस्वरूप अमृत कुम्भ से छलक कर अमृत की कुछ बूंदों के प्रयागराज के संगम, हरिद्वार की गंगा, उज्जयिनी की क्षिप्रा व नासिक की गोदावरी में पड़ने से इन नदियों में विशेष अवसरों पर स्नान कुम्भ स्नान कहलाया और यह कब प्रारम्भ हुआ इसका सटीक कालनिर्धारण अत्यन्त कठिन है । बिना किसी औपचारिक अथवा अनौपचारिक निमंत्रण के इन विशेष अवसरों पर हिन्दू समाज का एकत्रीकरण और स्नान अदभुत ही है । जिस हिन्दू समाज के विषय में औपचारिक शिक्षा में जाति भेद और वैमनस्य का विमर्श स्थापित करने का प्रयास गत 100 वर्षों से किया गया है, वह कितना मिथ्या और निराधार है ये कुम्भ के अवसर पर सनातन में आस्थावानों का सामूहिक स्नान से स्वत: ही सिद्ध होता रहा है। इस कुम्भ का विशेष रूप से उत्तम प्रबन्धन उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है । हिन्दू समाज की यह सांस्कृतिक एकात्मकता और सुदृढ़ हो, यही कामना।

- **डॉ जय प्रकाश**, अंबाला छावनी

## मुफ्त की रेवड़ियां

**दिल्ली** में चुनाव प्रक्रिया के दौरान, सुप्रीम कोर्ट में मुफ्त की रेवड़ियो को लेकर दायर याचिका पर जस्टिस वी आर गवई ने कहा कि मुफ्त की रेवड़िया लोगों को पंगु बना रही है। उन्होंने आगे कहा कि मुफ्त नगद राशि के साथ-साथ मोटा अनाज आदि मिलने से लोग मेहनत और परिश्रम करने से कतराने लगे हैं और कई राज्यों में मजदूर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इसी बीच, आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा शुरू की गई रेवड़ी संस्कृति के चलते उन्होंने 10 साल तक दिल्ली पर राज्य किया। लेकिन इस बार बीजेपी ने उन्हें उनकी योजना के अनुसार ही मुफ्त की रेवड़ियों में मात दी है और दिल्ली की सत्ता प्राप्त की है। रेवड़ी राजनीति के अंत की शुरुआत' के निष्कर्ष को यह कह कर खारिज किया जा सकता है कि असल में दिल्ली में भाजपा की जीत रेवड़ी राजनीति की ही जीत है। क्योंकि भाजपा ने न सिर्फ आम आदमी पार्टी की सरकार की रेवड़ियों को जारी रखने का वादा किया, बल्कि उसके ऊपर भी बहुत कुछ देने की घोषणा की है। अब यह सिलसिला थमता हुआ नहीं दिखाई दे रहा है, जो कि सभी जानते हैं कि लगातार मुफ्त सुविधा उपलब्ध कराना सरकारों के लिए बहुत मुश्किल है। तो उधर वोटर भी मुक्त योजनाओं का हिसाब किताब लगाकर वोट देने लगे हैं। यह वोट के लिए रिश्वत जैसा मामला है, जिसे सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग मिलकर ही सख्ती पूर्वक रोक सकते हैं।

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

## प्रतिभा का मूल्यांकन

**कल्पना** कीजिए, अगर बोर्ड परीक्षा में सिर्फ एक मौके की बाध्यता न हो, अगर गलती सुधारने का अवसर मिले, और अगर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ही आपका अंतिम परिणाम बने तो क्या परीक्षा का डर वैसा ही रहेगा? नहीं! जल्द ही यह कल्पना हकीकत बनने वाली है। सीबीएसई 2026 से कक्षा 10 के लिए साल में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह शिक्षा प्रणाली में एक क्रांतिकारी परिवर्तन है, जो छात्रों के तनाव को कम करेगा और उन्हें आत्ममूल्यांकन व सुधार का अवसर प्रदान करेगा। अब एक असफल प्रयास का मतलब हार नहीं होगा, बल्कि सीखने और आगे बढ़ने का दूसरा अवसर मिलेगा। सबसे खास बात यह है कि छात्रों के दो प्रयासों में से जिस परीक्षा में उच्चतम अंक आएंगे, वही परिणाम मान्य होगा। यह बदलाव केवल परीक्षा प्रणाली को लचीला बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक नई सोच की शुरुआत है जहां शिक्षा को रट्टा प्रणाली से मुक्त कर वास्तविक ज्ञान और कौशल विकास की ओर मोड़ा जाएगा। कंपार्टमेंट परीक्षा की बाध्यता समाप्त होने से छात्रों पर अनावश्यक दबाव नहीं रहेगा और वे बेझिझक अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की ओर बढ़ सकेंगे। सीबीएसई की यह पहल शिक्षा जगत में एक नई सुबह की दस्तक है। यह सिर्फ सुधार नहीं, बल्कि छात्रों की क्षमताओं को संवारने और उन्हें एक भयमुक्त, आत्मविश्वासी भविष्य देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

- **आरके जैन**, बड़वानी, मप्र

## ब्रह्मांड में जीवन की खोज

**विज्ञान** दिवस (28 फरवरी) पर मैं कहना चाहूंगा कि अन्य ग्रहों पर ऑक्सीजन और पानी की उपस्थिति और एक निर्धारित सीमा में तापमान होने या न होने के आधार पर जीवन की संभावना होने या न होने का अंदाज वैज्ञानिक लगाते हैं, यह तरीका अवैज्ञानिक है। पृथ्वी पर ही ऐसे बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं जो लंबे समय तक ऑक्सीजन के बिना और बहुत अधिक या बहुत कम तापमान पर जीवित रह लेते हैं तो अन्य ग्रहों पर भी हो सकते हैं। इसके अलावा पृथ्वी पर ही 2 प्रकार की जीवन प्रणालियां (जंतु और वनस्पति) हैं तो वैज्ञानिकों को यह संभावना भी बनाए रखना चाहिए कि अन्य ग्रहों पर पृथ्वी से बिल्कुल अलग अन्य प्रकार की जीवन प्रणालियां भी हो सकती हैं जो ऑक्सीजन, नाइट्रोजन, कार्बन, एमिनो एसिड आदि पर आधारित न हो। तथा वे पृथ्वी की तुलना में अकल्पनीय रूप से अत्यधिक या निम्नतम तापमान पर भी जीवित रह सकती हो। अत: अन्य ग्रहों पर जीवन की संभावना तलाशते समय हमें पृथ्वी की परिस्थितियों से अलग कल्पना को भी ध्यान में रखना चाहिए।

- **ललित दुबे**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 27 फरवरी 2025



# बम भोले के जयकारों से गूंजा सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर

● कांवरियों के जत्थों ने चढ़ाया गंगाजल, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना



**फतेहपुर।** महाशिवरात्रि का पर्व इस वर्ष धूमधाम से मनाया गया। जिले के सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं का तांता देर रात से ही सिद्धपीठ के मुख्य द्वार पर लग गया था। सिद्धपीठ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी पुलिस ने पुख्ता इंतेजाम किये थे। महिला पुलिस के साथ-साथ पीएसी और पुलिस के जवान सिद्धपीठ परिसर के चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहे। सिद्धपीठ तांबेश्वर धाम में विराजमान भगवान शिव के दर्शन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। कांवरियों का जत्था भी बराबर आता रहा और उन्हें शिव दर्शन कराने के लिए मौके पर मौजूद पुलिस महकमे के जवान लगे रहे। दूध, गंगाजल, मेवा, मिष्ठान के साथ फूलों के श्रृंगार से भगवान शिव का पूजा-अर्चना का सिलसिला बराबर जारी रहा। मंदिर परिसर पर भजन-कीर्तन कर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को मनाने का पूरा प्रयास किया। अपनी-अपनी मन्नत पूर्ति के लिए श्रद्धालुओं ने परिक्रमा भी लगाई।

मंदिर के समीप लगे मेले का श्रद्धालुओं ने लुत्फ उठाया। हर वर्ष की भांति फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चर्तुदशी तिथि को मनाए जाने वाला महाशिवरात्रि पर्व का नजारा बहुत ही अजीबो गरीब रहा। सिद्धपीठ तांबेश्वर धाम समेत अन्य स्थानों में विराजमान शिवलिंगों की पूजा की गई। सिद्धपीठ तांबेश्वर में कुंभ जैसा माहौल रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ अनन्त रही। जिसकी गणना नहीं की जा सकती थी। भगवान शिव के दर्शन के लिए कांवरिया, श्रद्धालुओं एवं परिक्रमा लगाने वाले भक्तों की भीड़ देर रात से ही सिद्धपीठ के मुख्य द्वार पर जमा होने लगी। महाशिवरात्रि के महापर्व के पूर्व ही पुलिस ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही आने वाले श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए तैयारियां कर ली थीं। प्रशासनिक तैयारियों के मुताबिक बनाए गए प्वाइंटों में महिला पुलिस कर्मियों के साथ-साथ पीएसी और पुलिस के जवान मुस्तैद रहे।

मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर भगवान शिव के शिवलिंग और मंदिर परिसर से आधा किलोमीटर के दोनों छोरों पर पुलिस की चौक-चौबंद व्यवस्था नजर आई। मंदिर के अंदर दाखिल होने वाले श्रद्धालुओं पर पुलिस की बराबर निगाहें बनी रहीं। श्रद्धालुओं को भी पुलिस के अफसरों ने ज्यादा वक्त नहीं दिया।

दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को बाहर करने का सिलसिला जारी रहा। रात तीन बजे से सिद्धपीठ का मुख्य द्वार खुला और देर रात बारह बजे तक श्रद्धालु भगवान शिव को मनाने के लिए गंगाजल के साथ दूध, मेवा, मिष्ठान, दही, बेलपत्र और दही का भोग लगाकर अपनी मनोकामनाएं रखी। वहीं महिला मंडल की ओर से भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया। जय बम भोले की गूंज से सिद्धपीठ का परिसर पूरी तरह से गुंजाएमान रहा। जनपद ही नहीं बल्कि गैर जनपदों से भी श्रद्धालुओं के आने जाने का तांता लगा रहा। महाशिवरात्रि के पर्व पर जहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन किए। मंदिर के पीछे मेले का आयोजन किया गया, जहां नन्हे-मुन्ने बच्चों व महिलाओं सहित युवक युवतियों ने जमकर आनंद लिया। मेले में आए श्रद्धालुओं ने जहां बच्चों के लिए खेल खिलौने खरीदे तो महिलाओं ने घरेलू सामान की खरीददारी की।

# दुधवा नेशनल टाइगर पार्क की विभिन्न रेंजों में नर मांदा दो बाघों की मौत

● देररात्रि में बाघ ने मचाया उत्पात पहले थाना पलिया में घुसा बाद में ग्राम फुलवरिया एक महिला को घायल किया जिसकी मौत बाद में परिजनों ने बाघ की हत्या ● बाघ की हत्या के बाद वनविभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मृत बाघ के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा



**गोलागोकर्णनाथ ( खीरी )।** दुधवा नेशनल टाइगर पार्क की वनरेंज पलिया के ग्राम फुलवरिया में रतनलाल के मकान में घुसकर उसकी पत्नी को शिकार बनाया जिससे गुस्सा कर रतन व उसके परिवारीजनों ने मिलकर बाघ की हत्या कर दी जिसकी खबर पाकर वनविभाग की टीम ने आकर मौका मुआइन किया और मृत बाघ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है.दूसरी तरफसेंचुरी वनरेंज के क्षेत्र में बाघ का शव रहस्यमय परिस्थितियों में पाया गया है।

जानकारी के अनुसार बीती रात में एक बाघ ने पहले थाना पलिया में घुसकर पुलिस को खौफजदा किया बाद में पडोसमेंस्थितग्राम फुलवरिया निवासी रतनलाल के मकान में घुसकर जमकर उत्पात मचाया ग्रह स्वामी रतनलाल की पत्नी को शिकार बनाया जिससे गुस्सा कर परिवारीजनों ने बाघ पर देशी तमंचा से गोली व धारदार हथियार व लाठी डंडा से हमला किया जिसमें बाघ की मौत हो गई।

दूसरी घटना मैलानी . भीरा मार्ग पर बाघ का शव रहस्यमय परिस्थितियों में पाया गया है जिसे वनविभाग के जिम्मेदार अधिकारी छिपाते नजर आए है। एक ही रात्रि में दो जगहों पर मिले बाघों के शवों में एक नर दूसरा मांदा बताया जा रहा है। दुधवा नेशनल टाइगर पार्क में बाघों का संरक्षण पर लाखों रुपए व्यय किया जाता है इसके बाद भी बाघ जंगल से बाहर निकल कर जब भूख से व्याकुल होते हैं तब वह मानव की बस्ती की तरफरुख करते हैं और वहां पर उसकी हत्या कर दी जाती है। जिसके बाद वनविभाग की छापामारी अभियान चलता है और मानव की प्रताड़ना चालू हो जाती है इसी क्रम में ग्राम फुलवरिया में बाघ की हत्या के बाद अब हत्यारों की भी तलाश चालू होने वाली है। दूसरी घटना में सेंचुरी क्षेत्र के मैलानी . भीरा मार्ग पर वनविभाग ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने की रणनीति तय की है।

खबर पाकर दुधवा नेशनल टाइगर पार्क के अधिकारियों व बफरजोन के अधिकारियों के बाद लखनऊ से जिम्मेदार अधिकारियों का सैलाब उमड़ने लगा। दुधवा नेशनल टाइगर पार्क के साथ ही कतर्निया पार्क व दक्षिण खीरी व उत्तर खीरी के भी जिम्मेदार अधिकारियों ने पहुंच कर मौका के हालातों का जायजा लिया। चर्चा है कि वन राज्य मंत्री व प्रधान मुख्य वन संरक्षक उत्तर प्रदेश भी मौका.ए.वारदात पर आकर मुआइन कर सकते हैं। फिलहाल हलचल तेज है।

# कैदी की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

**हमीरपुर।** हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध चल रहे सजायाफ्ता कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवारवाले हत्या का आरोप लगाया है। थाना कुरारा के कुसमरा गांव निवासी 32 वर्षीय राकेश पुत्र बब्बू पाल को वर्ष 2024 में अपने ही चचेरे मामा की हत्या के मामले में उम्रकैद सुनाई गई थी। तब से राकेश जेल में निरुद्ध चल रहा है। पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतक के पिता बब्बू पाल ने बताया कि मंगलवार की रात जेल से काल आया कि उनके बेटे की तबीयत खराब है। लेकिन जब वह अस्पताल पहुंचे तो बेटे की मौत की जानकारी मिली। जिस पर वह शवदाह गृह आए और रातभर इंतजार के बाद बुधवार की सुबह 11 बजे शव देखने को मिल सका। जब शव देखा तो मृतक के शरीर के कई हिस्सों में चोट के निशान मिले।

जिस पर जेल के अंदर हुई मारपीट से मौत होने की बात कहते हुए हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के पिता का कहना है कि उनके बेटे को किसी भी तरह की कोई ऐसी बीमारी नहीं थी कि अचानक मौत हो जाए। सुबह उन्होंने बेटे से बात की थी और रात में मौत हो गई। पिता ने मामले को संदिग्ध बताते हुए उच्चाधिकारियों से मामले की जांच करने की मांग भी की है। इस संबंध में जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा का कहना है कि मंगलवार की रात पौने आठ बजे अचानक राकेश के सीने में दर्द व उल्टी की समस्या हुई। जिस पर उसे जेल अस्पताल में भर्ती किया गया और हालत सुधरने के बाद उसे बैरक ले जाया गया। लेकिन रात करीब सवा नौ बजे फिर हालत बिगड़ी जिस पर जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। राकेश दो नंबर बैरक में निरुद्ध चल रहा था। जेल अधीक्षक ने बताया कि बंदी के शव का पोस्टमार्टम पैनल से कराया जा रहा है।

# धूमधाम से मनायी महाशिवरात्रि पर्व, चेयरमैन आशारानी कबीर ने किया रथ का उद्घाटन

**कुरारा ( हमीरपुर )।** कस्बा कुरारा में महाशिवरात्रि के अवसर पर ब्रह्मकुमारी संस्था की बहनों ने नगर शिव बारात निकाली। जिसमे नगर की महिलाएं शामिल रही। नगर भ्रमण के दौरान चेयरमैन आशारानी कबीर भी मौजूद रही। नगर भ्रमण के बाद बाजार में समापन हो गया। विकास खंड क्षेत्र के बेरी गांव स्थित प्राचीन कोटेश्वर शिव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बारात धूमधाम से निकली इस दौरान भूत पिशाच वेश धारी बाराती नाचते गाते हुए चल रहे थे। वही क्षेत्र के शंकर पुर गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर लोगो ने पूजा अर्चना की तथा कांवर भी चढ़ाई गई। तथा भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तो की भारी भीड़ मौजूद रही। क्षेत्र के बेरी गांव में बेतवा नदी के किनारे प्राचीन शिवमन्दिर स्थित है। इस मंदिर में लोगो की अपार आस्था है। प्रतिवर्ष महा शिवरात्रि के अवसर पर



हरी झंडी दिखाती चेयरमैन

ग्रामीणों के सहयोग से शिवबारात का आयोजन किया जाता है। बारात शिवमन्दिर से उठकर गांव के अंदर से होकर किले के दरवाजे से होकर बाजार से होकर गाजेबाजे के साथ भ्रमण करते हुए पुलिस चौकी के समीप सेहोकर वापस शिव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। शिव बारात में बैल पर सवार शंकर भगवान व उनके गण चल रहे थे। तथा रास्ते में शिवजी का पूजन महिलाओ ने टीका लगाकर किया। घोड़े व बहु रुपिया नाच गान करते चल रहे थे। शिव बारात में आसपास के गांवों के ग्रामीण मौजूद रहे समाजसेवी रमेश चंद्र शिवहरे ने अपने दरवाजे पर भगवान भोले नाथ का तिलक कर पूजन किया।

इसी प्रकार राठ कस्वे में शिवरात्रि महापर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए हजारों की भीड़ चौपरेश्वर धाम पहुंची। जहां मंदिरों में बम बम बोले के जयकारों से शिवालय गूंज उठे। भगवान शिव के दर्शन के बाद मेले में लगी दुकानों पर खरीदारी की। महा शिवरात्रि पर्व पर कस्बे के शिव मंदिरों को फूलों से सजाया गया। शिवरात्रि पर चौपरेश्वर धाम स्थित शिव मंदिर को लाइटों और झालरों से दुल्हन की तरह सजाया गया। बुधवार को ऐतिहासिक चौपरेश्वर धाम में ब्रह्म मुहूर्त से ही भगवान शंकर के भक्तों ने जलए बेलपत्र आदि चढ़ाकर मन्नत मांगी।

# पत्नी से विवाद के चलते पति ने फांसी लगाकर जान दी

**राठ ( हमीरपुर )।** पत्नी से कहासुनी हो जाने पर शराबी पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी सुनील श्रीवास्तव(25) पुत्र मुन्ना श्रीवास्तव का विवाद पत्नी से हो गया सुनील शराब पीने का आदी था पत्नी से कहासुनी हो जाने पर युवक ने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। जब स्वजनों ने युवक को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। स्वजन आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि उसका पुत्र मजदूरी करता था। मजदूरी कर परिवार का भरण.पोषण करता है। मृतक अपने पीछे छह माह की बच्ची छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी शैलू मां संतोषी का रो रोकर बुरा हाल है।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**रूरा, कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र के अम्बियापुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से अधेड की मौत हो गयी, सूचना पर पहुँचे सिठमरा चौकी ईंर्चाज अभिनेष चौधरी ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। न्यूठा शिवली निवासी 40 वर्षीय धर्मेन्द्र अपनी ससुराल ग्राम अलावलपुर आया था, ससुराल से वह वुधवार की शाम को अपने घर वापस जा रहा था, अम्बियापुर रेलवे स्टेशन के पास डीएफसी लाइन पर खम्भा नम्बर 540/14 व 540/13 के बीच वह मालगाडी की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी, स्टेशन मास्टर के मेमों पर पहुँचे सिठमरा चौकी ईंर्चाज अभिनेष चौधरी ने पुलिस बल के साथ शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा तथा मृतक के ससुरालीजनों व परिजनों को मामले की सूचना भेजी है।

### एसपी के नेतृत्व में पुलिस बल ने चलाया वृहद चेकिंग अभियान

**कानपुर देहात।** एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में महाशिवरात्रि पर्व पर जनपद में शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत डॉग स्क्वायड व एंटी सेबोटाज चैक टीम द्वारा थाना पुलिस के साथ मिलकर आज दिनांक 26ण्02ण्2025 को थाना अकबरपुर क्षेत्रान्तर्गत झाड़ी बाले बाबा शिव मंदिरए थाना रनियाँ क्षेत्रान्तर्गत पातालेश्वर शिव मंदिर व थाना शिवली क्षेत्रान्तर्गत श्री जागेश्वर धाम शिव मंदिर पर सघनता पूर्वक चैकिंग की गयी व जनपद के प्रमुख कस्बों में भीड़ भाड वाले स्थानोंए बाजारों में संदिग्ध व्यक्तिध्वस्तुध्स्थान की सघन चेकिंग की गयी और लोगों से लावारिस वस्तुओं से दूर रहने तथा पुलिस को तत्काल सूचित करने की अपील की गयी ।'

### बहन भाई की शादी के पहले प्रेमिका के साथ फुर्र

**राठ।** भाई की शादी से पहले बहन अपने प्रेमी के साथ जेवरात सहित नकदी लेकर फरार हो गई। भाई ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अतरौलिया मोहल्ला युवक ने पुलिस को बताया कि उसके भाई राजकुमार की छह मार्च को शादी है। भाई की शादी के पहले मंगलवार को नानू अहिरवार निवासी बसेला उसकी नाबालिग बहन को बहला फुसला कर उसके घर से भगा ले गया। घर से उसकी बहन जेवरात व दो लाख रुपए ले गई है। पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी हुई है।

### कार की टक्कर से किशोर की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के राम सिंह इंटर कालेज के पास मंगलवार की शाम लाई की ठेलिया लेकर जा रहे 16 वर्षीय किशोर को तेज रफ्तार अल्टो कार ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी जंगलिया का पुत्र सत्यम मंगलवार की शाम लाई की ठेलिया लेकर जागेश्वर बाबा मंदिर जा रहा था। जैसे ही वह रामसिंह इण्टर कालेज के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार अल्टो नं0 यूपी-71एडी/1061 ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे किशोर की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद चालक मौके पर ही वाहन छोडकर भाग जाने में सफल रहा। पुलिस न शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### संदिग्ध अवस्था में पूर्व प्रधान की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाखा में मंगलवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में 50 वर्षीय पूर्व प्रधान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शाखा गांव निवासी अरगढ़ पासवान का पुत्र राजेन्द्र पासवान पूर्व प्रधान था। बताते है कि गांव में ही उसने तालाब में मछलियां पाल रखी थी। शाम को घर वापस आया अचानक गिर गया। जब तक परिवार वाले कुछ समझ पाते उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। पूर्व प्रधान की अचानक मौत को लेकर ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिर्पोट के बाद ही मौत का सही कारण ज्ञात हो सकेगा।

### सीढ़ियों से गिरकर वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बेला में सीढियों से गिरकर लगभग 65 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हथगाम थाना क्षेत्र के छिवलाहा गांव निवासी स्व0 रामप्यारे यादव का पुत्र गुलाब सिंह यादव जो काफी समय से हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बेला गांव में रहता था। कल शाम वह सीढियों से गिर कर जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

### नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म व पास्को का मुकदमा दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने बताया कि उसका एक करीबी रिश्तेदार उसके घर आया हुआ था। मंगलवार की शाम छः बजे वह और उसका पति घर से बाहर गए हुए थे तो उसके रिश्तेदार द्वारा उनकी नाबालिग पुत्री को बहलाफुसलाकर खेतो पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया पुत्री के शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है दुष्कर्म व पास्को का मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की तलाश की जा रही है।

## महिला की संदिग्ध मौत हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घटका खेडा में संदिग्ध परिस्थितियों में 32 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। मृतका के भाई ने ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद सभी ससुरालीजन मौके से फरार है। हमीरपुर के रहने वाले कृष्णा कुमार ने अपनी पुत्री दीपमाला की शादी 2019 में घटका गांव निवासी जालिम सिंह पुत्र रामप्रताप के साथ किया था। हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। मंगलवार की शाम संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन ग्रह भेज दिया। मृतका का भाई लालजी ने बताया कि शादी के बाद कुछ महीना तक तो सही रहा, बाद में ससुराली जन दहेज में 10 लाख रूपये की मांग को लेकर आये दिन उसकी बहन को प्रताडित करते थे। चार लाख रूपये दे दिये गये थे। उसके बावजूद भी बहन को मारते पीटते थे, मांग पूरी न होने पर उसकी बहन की हत्या कर पति राम प्रताप, सास मीरा देवी, व ससुर जालिम सिंह मौके से फरार हो गये।

# मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया महा शिवरात्रि का पर्व

● प्रसाद वितरण के साथ हुये भजन कीर्तन के आयोजन

**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज

महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर नगर व क्षेत्र के देवालयों, मंदिरों एवं घरों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रुद्राभिषेक कर प्रसाद वितरित किया। इसके पश्चात शिवभक्तों नें शिव पार्वती विवाह के भक्ति गीतों को गाकर संपूर्ण वातावरण को शिव मय कर दिया।

बुधवार की सुबह से ही नगर के सर्विस रोड स्थित प्राचीन सती माता मंदिर, पावर हाउस स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर, जीटी रोड स्थित मनकामेश्वर मंदिर, प्राचीन श्री राम मंदिर, प्राचीन संतोषी माता मंदिर, मोहल्ला अफसरी स्थित काली देवी मंदिर, चकोर रोड



पूजा अर्चना करते भक्त व बुलाबा कार्यक्रम में मौजूद महिलायें।

स्थित पशुपतिनाथ मंदिर, रामगंज स्थित शिव मंदिर, मनसा देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिरों एवं घरों में विधि विधान से पूजा वंदना कर प्रसाद ग्रहण किया। वही नगर के मंदिरों में महिलाओं नें बुलाबा कार्यक्रम का आयोजन कर भक्ति गीतों को गाकर वातावरण को मंगलमय कर दिया। उधर कई स्थानों पर शिव भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण करनें के बाद भगवान भोलेनाथ एवं पार्वती विवाह के मंगल गीत गाए।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के असनी गांव के समीप मंगलवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 20 वर्षीय बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख कानुपर के लिए रेफर कर दिया गया। उन्नाव जनपद के थाना सोहरामऊ गांव रूद्रबार निवासी रामविलाश पुत्र बीपेश अपने साथी रवि निवासी अर्जुनामऊ जनपद उन्नाव के साथ रायबरेली किसी काम से जा रहा था। जैसे ही यह लोग असनी गांव के पा पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बिपेश की मौके पर ही मौत हो गयी। साथी रवि गंभीर रूप से घायल हो गया। सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने हालत चिन्ता जनक देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर दिया।

# बैदिक मंत्रोच्चार प्राण प्रतिष्ठा के बाद की गई प्रतिमाओं की स्थापना

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के तिर्वारोड मे श्रद्धालुओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण विधि द्वारा भगवान श्री नर्मदेश्वर महादेव के परिवार सहित प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इससे पूर्व सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्री नर्मदेश्वर महादेव के परिवार सहित प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकडों



मूर्ति स्थापना से पूर्व पूजा अर्चना करते महंत अयोध्यावासी।

● नगर में निकाली गई विशाल एवं भव्य शोभा यात्रा, हुई पुष्पवर्षा

महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बुधवार को नगर के सर्विस रोड में सर्व समाज के सहयोग से भगवान श्री नर्मदेश्वर महादेव के परिवार सहित प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन पूजन किया गया। साथ ही सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ भव्य विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जो कि नगर के विभिन्न देवालयों व मंदिरों में देवदर्शन किया। इस दौरान नगर में जगह जगह श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पालिकाध्यक्षा प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, भाजपा नेता जीतू तिवारी, युवा समाजसेवी उत्कर्ष गुप्ता, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा, बृजेश गुप्ता रामू, सबलू गुप्ता, अभय चतुर्वेदी, पंकज गुप्ता, सोनू श्रीवास्तव, मानस मंजरी रत्नेश द्विवेदी, सीमा, अनीता सहित तमाम महिला व पुरूष भक्तगण मौजूद रहे।

## कांवड़ियों को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, तीन घायल

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के जोनिहा कस्बे के समीप कावड़ लेकर जा रहे कांवड़ियों को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। जिससे तीन कांवड़िया घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के मिलकिन खेडा गांव निवासी गोविंद का 15 वर्षीय पुत्र मोनू गांव निवासी मोहन लाल का 17 वर्षीय पुत्र वीरू व 20 वर्षीय लवकुश तीनो कावड़ लेकर कोतवाली क्षेत्र में स्थित थवईश्वर धाम जा रहे थे। जब कोतवाली क्षेत्र के जोनिहा कस्बे के समीप पहुंचे तभी ट्रैक्टर ने तीनों को टक्कर मार कर चालक ट्रैक्टर छोड़ कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए बिंदकी सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर वीरू की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# महाशिवरात्रि पर्व पर शहर में जगह-जगह हुए भंडारे

● शिवालयों में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद

**फतेहपुर।** शहर के सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। तांबेश्वर रोड पर योगेंद्र सिंह एवं सरिता सिंह की ओर से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शर्बत वितरण किया गया। मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं ने स्टॉल में पहुंचकर शर्बत प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। चंद्रशेखर मौर्य, अमन, इमरान मिर्जा, रामकुमार, राजेश आदि मौजूद रहे। एक हॉस्पिटल के सौजन्य से महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा इलाहाबाद बाईपास रोड पर स्थित डिग्री कॉलेज के गेट पर कराया गया। डॉ. पवन बाजपेई, संचालक नितिन मिश्रा ऋषि मिश्रा ने महाकुंभ में आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया।



महाकुंभ के आखिरी स्नान पर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में पूरी सब्जी का प्रसाद सुबह 11 बजे से देर शाम तक वितरण किया। सौरभ सिंह, गौरव सिंह, ओजस्वी मिश्रा, जुनैद, भारत मिश्रा, बाबा शोभित सैनी, नितेश तिवारी, बबलू तिवारी, आकाश त्रिपाठी, राहुल तिवारी आदि मौजूद रहे। देवीगंज पुल के नीचे सुशील सिंह के नेतृत्व में महाशिवरात्रि पर 6वें वर्ष भी भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हलवा, पूरी और ठंडाई का प्रसाद वितरण किया गया। सोनू गुप्ता, बड़कू गुप्ता, राम शंकर, कंचन सिंह, राजू अवस्थी, सचिन तिवारी, शिवचरण गुप्ता, अमित आदि लोग उपस्थित रहे। राधानगर रोड स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर विधिवत पूजन अर्चन और भंडारे के रूप में प्रसाद वितरण किया गया। सभासद अनिल बाबा, अरुणेश कुमार, ऋषभ सिंह, राहुल गुप्ता, नरेश गुप्ता, राजू यादव, विनीत सिंह आदि लोगों ने रोड से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को पूरी सब्जी प्रसाद के रूप में वितरित किया।

## ई रिक्शा व बाइक की टक्कर से पांच घायल

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में ई रिक्शा व बाइक मेंआमने.सामने जोरदार टक्कर हो गई जिससे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरो ने सभी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया क्षेत्र के कपसा गांव के निकट नहर की पुलिया में ई.रिक्शा व बाइक में टक्कर हो गई जिससे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए उरदना गांव निवासी रुपेश कुमार गांव के ही ई.रिक्शा चालक पप्पू उरदना निवासी के ई रिक्शा में बैठकर घरेलू गैस गुसियारी गांव में गैस भरने जा रहे थे तभी एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर तेज गति से बांदा की ओर से तेज गति से आ रहे थे तभी ई रिक्शा और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि पांचो लोग सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गए अंकित व वीरेंद्र कुमार निवासी खमरिया एवं गोरेलाल मरौली बाँदा निवासी एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर तेज गति से बांदा की ओर से आ रहे थे।

# शिव मन्दिरों में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब





**कानपुर देहात।** शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पर्व को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से लेकर शाम तक शिव मंदिरों में भक्तों का सैलाब देखने को मिला। विधि.विधान से भक्तों ने जहां पूजन अर्चन किया तो वहीं भंडारे भी आयोजित किए गए। रसूलाबाद क्षेत्र में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी। घंटियों और शंख की ध्वनि के बीच बम.बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। सुबह से ही शिव भक्त मंदिरों में पहुंच रहे हैं। श्री धर्मगढ़ बाबा मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए लंबी लाइनों में लगी रही।

श्रद्धालु भांग, धतूरा, बेल पत्र, फल और पूजा सामग्री लेकर मंदिर पहुंचे। जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया है। महाशिवरात्रि के मौके पर श्री धर्मगढ़ बाबा मंदिर कमेटी ने व्यवस्थाओं को चाक.चौबंद किया ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से उपजिलाधिकारी सर्वेश सिंह, सीओ राजीव सिरोही, कोतवाल अनिल कुमार सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। वहीं एनसीसी कैडेट्स के विद्यार्थियों द्वारा भी बेहतर सुरक्षा के प्रबंध किए गए। रसूलाबाद क्षेत्र के कहिंजरी में स्थित महाकालेश्वर मंदिर, खेड़ा कुर्सी में स्थित कपिलेश्वर मंदिर सहित विभिन्न शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का जमावड़ा देखने को मिला। कई जगहों पर भजन कीर्तन भी हुए।

# इटली में बम के अलर्ट को लेकर अमेरिका का नौसैन्य हवाई अड्डा कई घंटों तक बंद रहा

**रोम।** इटली में अमेरिका का एक नौसैन्य हवाई अड्डा बुधवार को सुरक्षा बलों को वहां संभावित कार बम धमाके का अलर्ट प्राप्त होने के बाद कई घंटों तक बंद रहा। हालांकि, बाद में अधिकारियों ने संदिग्ध वस्तु की जांच की और पाया कि इससे कोई खतरा नहीं है। अमेरिकी नौसेना की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, सुरक्षा बलों को सिगोनेला नौसैन्य हवाई अड्डे (एनएएस) को विस्फोटकों से लदी कार से निशाना बनाए जाने को लेकर सतर्क किया गया था, जिसके बाद प्राधिकारियों ने जांच के लिए हवाई अड्डे के एक हिस्से को खाली करा दिया और पूरे परिसर को बंद कर दिया। बयान के अनुसार, इतालवी पुलिस और बम निरोधक दस्ते के कर्मियों ने संदिग्ध वस्तु की जांच की और पाया कि इससे कोई खतरा नहीं है।

इटली के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने बताया कि एक गलत सुरक्षा अलर्ट के कारण सभी आवश्यक प्रक्रियाएं बाधित हो गईं। इससे पहले, खबर आई थी कि सिगोनेला नौसैन्य हवाई अड्डा अज्ञात घटना के कारण कई घंटों तक बंद रहा। हवाई अड्डे के आधिकारिक फेसबुक पेज पर जारी शुरुआती पोस्ट में कहा गया था, सिगोनेला को एक घटना के कारण बंद कर दिया गया है।

पोस्ट के मुताबिक, जो कुछ भी हुआ, वह नौसैन्य हवाई अड्डे के द्वार पर हुआ। इसमें कर्मचारियों से आग्रह किया गया था कि वे हाईवे एसपी105 पर मारिनाई हाउसिंग कॉम्प्लेक्स और हवाई अड्डे के एक हिस्से के बीच यात्रा करने से बचें। पोस्ट में यह नहीं बताया गया था कि हवाई अड्डे पर क्या हुआ। कुछ घंटे बाद जारी एक अन्य पोस्ट में कहा गया था कि स्थिति पर काबू पा लिया गया और हवाई अड्डे के आसपास यातायात की फिर से अनुमति दे दी गई है। इसमें कहा गया था, हम त्वरित प्रतिक्रिया के लिए नौसेना सुरक्षा बल के कर्मियों के आभारी हैं।

अमेरिकी नौसेना की प्रवक्ता लेफ्टिनेंट एंड्रिया पेरेज ने द एसोसिएटेड प्रेस से कहा था कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। एनएएस सिगोनेला सिसिली द्वीप पर कैटेनिया के बाहर इटली के एक वायुसेना अड्डे पर स्थित है और यह अमेरिका तथा नाटो बलों को क्षेत्र में कमान एवं नियंत्रण प्रदान करता है। इसे भूमध्य सागर पर रणनीतिक रूप अहम सैन्य प्रतिष्ठान के रूप में देखा जाता है, जहां से यूरोप, अफ्रीका और एशिया में तैनाती संभव है। एनएएस सिगोनेला पर अमेरिकी नौसेना के पी-8 पोसाइडन टोही विमान और एमक्यू-4सी ट्राइटन ड्रोन तैनात किए गए हैं।

## मालदीव की संसद ने शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों की संख्या घटाने से जुड़ा संशोधन पारित किया

**माले।** मालदीव की संसद ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या सात से घटाकर पांच किए जाने के प्रावधान वाले संशोधन को बुधवार को पारित कर दिया। कुछ ही घंटों के भीतर तीन शीर्ष न्यायाधीशों को निलंबित कर दिया गया, जिसके बाद मुख्य विपक्षी दल ने सत्तारूढ़ पार्टी पर बहुमत का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। न्यायाधीशों के निलंबन का आदेश उस संवैधानिक संशोधन को रद्द करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई से कुछ समय पहले जारी किया गया, दल-बदलू सांसदों को अयोग्य ठहराने का प्रावधान है। फैसले को लेकर संसद में हंगामा हुआ, जहां मुख्य विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने सत्तारूढ़ पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) पर बहुमत का दुरुपयोग करने और न्यायाधीशों की संख्या घटाने संबंधी विधेयक को लेकर महाधिवक्ता फातिमा फिल्जा की ओर उठाई गई चिंताओं को पूरी तरह से नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। समाचार पोर्टल सन डॉट एमवी की खबर के मुताबिक, बुधवार सुबह एमडीपी के तीन सांसदों को सदन से बाहर निकाले जाने के बाद विधेयक पर मतदान हुआ और सदस्यों ने इसे नौ के मुकाबले 68 वोटों से पारित कर दिया।

# अमेरिका, यूक्रेन खनिज अधिकारों पर आर्थिक समझौते के करीब पहुंचे, सुरक्षा का कोई वादा नहीं

**भाषा।** कीव (यूक्रेन)

**यूक्रेन** और अमेरिका दुर्लभ खनिजों के दोहन संबंधी समझौते समेत एक व्यापक आर्थिक करार की रूपरेखा पर सहमत हो गए हैं। यूक्रेन के तीन वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मामले से परिचित अधिकारियों ने अपना नाम नहीं बताने की शर्त पर यह जानकारी दी क्योंकि वे इस विषय पर सार्वजनिक रूप से बोलने के लिए अधिकृत नहीं हैं। उनमें से एक अधिकारी ने कहा कि कीव को उम्मीद है कि समझौते पर हस्ताक्षर होने से यूक्रेन के लिए उस अमेरिकी सैन्य सहायता का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित हो जाएगा जिसकी उसे तत्काल आवश्यकता है। समझौते पर शुक्रवार को हस्ताक्षर होने की संभावना है और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए वाशिंगटन जाने की योजना बनाई जा रही है। यूक्रेन के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि यह समझौता जेलेंस्की और ट्रंप को यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता जारी रखने पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगा तथा यही कारण है कि कीव इस समझौते को अंतिम रूप देने के लिए उत्सुक है। ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि उन्होंने सुना है कि जेलेंस्की आ रहे हैं। यदि वह (आना) चाहें तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है और वह मेरे साथ मिलकर इस पर हस्ताक्षर करना चाहेंगे। ट्रंप ने कहा कि यह एक हजार अरब डॉलर तक का सौदा हो सकता है।

## अमेरिका के साथ आर्थिक समझौते की रूपरेखा तैयार : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के साथ एक आर्थिक समझौते की रूपरेखा तैयार है। सुरक्षा गारंटी, जिसे कीव महत्वपूर्ण मानता है, पर अभी निर्णय होना बाकी है तथा समझौते पर मुहर शुक्रवार को वाशिंगटन में होने वाली वार्ता पर निर्भर करेगी। कीव में संवाददाता सम्मेलन के दौरान जेलेंस्की ने कहा कि यह रूपरेखा समझौता, पूर्ण समझौते की दिशा में पहला कदम है, जिसे यूक्रेन की संसद द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन यह जानना चाहता है कि अमेरिका का उसे (यूक्रेन को) मिल रहे निरंतर सैन्य समर्थन के मामले में क्या रुख है।

## बंधक बनाई गईं इजराइल की महिला, उसके दो बेटों का अंतिम संस्कार होगा

**तेल अवीव।** गाजा पट्टी में हमास की कैद में मारी गईं एक इजराइली महिला और उनके दो बेटों का शव इजराइल पहुंचने के बाद बुधवार को उनके अंतिम संस्कार के लिए लिया जाएगा। शवों को इजराइल लाए जाने के दौरान हजारों लोग उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए सड़क पर उमड़ पड़े। अपने हाथों में झंडा, नारंगी गुब्बारे लिए लोगों ने हमें माफ कर दो के नारे भी लगाए। सात अक्टूबर, 2023 को हमास के हमले के बाद इजराइल ने चरमपंथी समूह के खिलाफ युद्ध की शुरुआत की। इस हमले के बाद कई इजराइलियों को बंधक बना लिया गया और इजराइल के कई परिवार में मातम पसर गया। यह मंजर लोगों के उसी दुख को बयां करता है। अपने दो मासूम बेटों – नौ महीने के केफिर और चार साल के एरियल को अपनी गोद में पकड़ी शिरी बिबास की तस्वीर ने पूरे देश को झकझोर दिया था, जिन्हें चरमपंथी अपने साथ गाजा ले गए थे।

# गुतारेस बांग्लादेश का दौरा करेंगे, एजेंडे में जबरन विस्थापित रोहिंग्या का मुद्दा शामिल

**ढाका।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस 13-16 मार्च तक ढाका का दौरा करने वाले हैं, और उन्होंने कहा है कि विश्व निकाय जबरन विस्थापित रोहिंग्याओं के मेजबान के रूप में बांग्लादेश का समर्थन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष अपील जारी रखेगा। सरकारी समाचार एजेंसी बांग्लादेश संगबाद संस्था (बीएसएस) ने बुधवार को कहा कि गुतारेस के कार्यालय ने उनकी यात्रा की तारीखों की पुष्टि की है। यह यात्रा बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के निमंत्रण के बाद हो रही है।संयुक्त राष्ट्र में बांग्लादेश के स्थाई मिशन की एक विज्ञप्ति के मुताबिक, यह निमंत्रण रोहिंग्या मुद्दे और प्राथमिकता मामलों पर मुख्य सलाहकार के उच्च प्रतिनिधि खलीलुर रहमान ने सात फरवरी को न्यूयॉर्क में महासचिव के साथ अपनी बैठक के दौरान उन्हें दिया था।

गुतारेस ने 25 फरवरी को यूनुस को लिखे एक पत्र में कहा कि वह बांग्लादेश और क्षेत्र में रोहिंग्या संकट के प्रभाव के साथ-साथ म्यांमा के रखाइन में बिगड़ती मानवीय स्थिति के बारे में बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार की चिंताओं को साझा करते हैं। उनके पत्र में लिखा है, मैं म्यांमा गणराज्य के लिए अपने विशेष दूत के माध्यम से क्षेत्रीय हितधारकों, दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर काम करना जारी रखूंगा, ताकि म्यांमा में संकट का राजनीतिक समाधान निकाला जा सके। इस समाधान में रोहिंग्या की सुरक्षित और स्वैच्छिक रखाइन वापसी के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाना भी शामिल है।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि उन्होंने अपने वरिष्ठ प्रबंधकों से बांग्लादेश और म्यांमा में संयुक्त राष्ट्र देश टीमों को यह मार्गदर्शन देने का अनुरोध किया है कि कैसे हम रखाइन में समुदायों को मानवीय सहायता और आजीविका सहायता को अधिकतम कर सकते हैं। पत्र का हवाला देते हुए, बीएसएस ने आगे कहा कि गुतारेस को उम्मीद है कि म्यांमा में रोहिंग्या मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों की स्थिति पर उच्च स्तरीय सम्मेलन नए सिरे से वैश्विक ध्यान आकर्षित करने और रोहिंग्या और अन्य अल्पसंख्यकों के लिए व्यापक समाधान विकसित करने में योगदान देने का अवसर होगा।

# महाशिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालुओं ने पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा की

**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल** और पड़ोसी भारत से हजारों श्रद्धालु महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजा-अर्चना करने के लिए बुधवार को सुबह से ही पशुपतिनाथ मंदिर में उमड़ पड़े। काठमांडू में बागमती नदी के तट पर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में शिवलिंग की पूजा और दर्शन के लिए मंगलवार देर रात से ही लोगों की कतारें लगने लगीं। पशुपति क्षेत्र विकास न्यास (पीएडीटी) के सदस्य सचिव मिलन कुमार थापा ने बताया कि पशुपतिनाथ में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए अधिकारियों ने विशेष व्यवस्था की है।

स्थानीय प्रशासन ने त्योहार के दौरान भांग, गांजा, शराब, मांस और मछली की बिक्री एवं उपभोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्वाई की जाएगी। मंदिर मंगलवार देर रात सवा दो बजे खुला और भक्तों को शिवलिंग के दर्शन के लिए चारों द्वारों से मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई। पशुपतिनाथ मंदिर में बुधवार को नेपाल और भारत से 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है।

प्राधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और मंदिर में पूजा-अर्चना के सुचारू संचालन के लिए 4,000 सुरक्षा कर्मियों और 10,000 स्वयंसेवकों को तैनात किया है। मुख्य मंदिर और मंदिर परिसर को फूलों, रंग-बिरंगी रोशनियों, कागज के झंडों और बैनरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंदिर में दर्शन की सुचारू व्यवस्था के लिए अधिकारियों ने मंदिर के अंदर आठ और बाहर चार कतारें लगवाई हैं।

प्राधिकारियों ने भीड़ के प्रभावी प्रबंधन के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए हैं। भक्त मित्रपार्क, गौशाला और पिंगलास्थान जैसे विभिन्न स्थानों से प्रवेश कर सकते हैं, जहां व्यवस्थित पंक्तियों के जरिए सुचारू आवागमन सुनिश्चित किया जाता है। इसके अलावा, जरूरत पड़ने पर तिलगंगा राम मंदिर से होकर एक अलग मार्ग बनाने की भी तैयारी की गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बद्री प्रसाद पांडेय की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि मुख्य समारोह समिति का गठन किया गया, जो विभिन्न संगठनों के समन्वय से इस अवसर पर श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन, पेयजल और दवाएं उपलब्ध करा रही है।

पशुपति विकास न्यास की वरिष्ठ पदाधिकारी रेवती रमण अधिकारी ने बताया कि बुधवार को सुबह साढ़े नौ बजे तक करीब एक लाख 50 हजार श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर चुके थे। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार की सुबह तक यह संख्या 10 लाख को पार कर जाएगी। अधिकारी ने बताया कि करीब 700 नगा बाबाओं सहित करीब 3,500 साधु भारत से मंदिर पहुंचे हैं। अधिकारी ने बताया कि नगा साधुओं को निःशुल्क भोजन, पानी, स्वच्छता सुविधाएं, आवास और दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को साधुओं के वापस जाने से पहले उन्हें दक्षिणा दी जाएगी जिसके तहत अधिकतम राशि 15,000 रुपए दी जाएगी।

हिंदू कैलेंडर के अनुसार, फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर महाशिवरात्रि पर लोग उपवास रखते हैं, शिव मंदिरों में जाते हैं और पूजा-अर्चना करते हैं। महाशिवरात्रि अज्ञानता के अंधकार को ज्ञान के प्रकाश से दूर करने का भी प्रतीक है। महाशिवरात्रि पर पशुपतिनाथ मंदिर में नेपाल, भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों से श्रद्धालु आते हैं। भगवान शिव की पूजा न केवल हिंदू बल्कि बौद्ध और किराती भी करते हैं। कुछ लोग भगवान शिव की पूजा भैरव के रूप में करते हैं।

## अफगानिस्तान में भारी बर्फ बारी, बारिश के कारण 36 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के विभिन्न हिस्सों में भारी बर्फबारी और बारिश के कारण 36 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। तालिबान सरकार के एक प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता अब्दुल्ला जान साइक ने कहा कि देश के अधिकतर प्रांतों में कई दिनों तक हुई बारिश से सूखे का प्रभाव कम हुआ है, लेकिन इससे जानमाल की क्षति हुई है। प्रांतीय अधिकारियों के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चला है कि बर्फबारी और बारिश के कारण देश भर में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हुए है, जिनमें से अधिकतर दक्षिण-पश्चिमी फराह प्रांत में हैं। साइक ने कहा कि खराब मौसम के कारण 240 घर पूरी तरह नष्ट हो गए तथा 61 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। सर्वेक्षण दल प्रभावित क्षेत्रों में भेजे गए हैं और गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से सर्वेक्षण जारी है। प्रवक्ता ने कहा, बर्फबारी के कारण कुछ प्रांतों में सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं और लोक निर्माण मंत्रालय के सहयोग से उन्हें फिर से खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले चार इजराइली बंधकों के शव सौंपेगा हमास

**यरूशलम।** हमास बृहस्पतिवार को सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले इजराइल को उसके चार बंधकों के शव सौंपेगा। फलस्तीनी चरमपंथी समूह ने गाजा पट्टी में युद्ध रोकने के लिए इजराइल के साथ हुए संघर्ष-विराम समझौते के पहले चरण की समाप्ति से कुछ दिन पहले बुधवार को यह घोषणा की। इजराइल ने शनिवार से लगभग 600 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई टाल दी है। उसने हमास पर बंधकों की रिहाई के दौरान उनके साथ क्रूर व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए यह कदम उठाया है। कैदियों की रिहाई में देरी संघर्ष-विराम समझौते का गंभीर उल्लंघन है और जब तक फलस्तीनियों को रिहा नहीं किया जाता, तब तक दूसरे चरण पर बातचीत संभव नहीं है। बुधवार को कहा कि समूह बृहस्पतिवार को इजराइल को चार बंधकों के शव सौंपेगा।

## सूडान का सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, मृतक संख्या 49 हुई

**काहिरा।** सूडान के एक सैन्य विमान के ओमडुरमैन शहर में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 49 हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। खारतूम मीडिया कार्यालय ने बताया कि दुर्घटना में 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। सेना ने एक बयान में बताया कि एंटोनोव विमान मंगलवार को ओमडुरमैन के उत्तर में वादी सैयदना एयरबेस से उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में सैन्य कर्मियों और आम नागरिकों की मौत हुई है लेकिन उसने यह नहीं बताया कि दुर्घटना किस कारण से हुई। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर कम से कम 49 हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि विमान ओमडुरमैन के कर्री जिले में दुर्घटनाग्रस्त होकर एक आम नागरिक के घर पर गिरा जिसके कारण जमीन पर भी लोगों की मौत होने की आशंका है। सूडान 2023 में तभी से गृहयुद्ध की स्थिति में है, जब सेना और अर्धसैनिक समूह रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच तनाव खुले युद्ध में बदल गया था।

## संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने अकाल से ग्रस्त सूडान के विस्थापित शिविर में सहायता रोकी

**काहिरा।** संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने सूडान के अकाल प्रभावित जमजम में विस्थापित लोगों के लिए बनाए गए शिविर में सहायता वितरण को अस्थाई रूप से रोक दिया है। इस शिविर के जरिए पांच लाख लोगों को सहायता पहुंचाई जाती है। एजेंसी ने बताया कि देश के युद्धरत पक्षों के बीच लड़ाई तेज हो गई है, इसलिए सहायता को रोका गया है। विश्व खाद्य कार्यक्रम की ओर से बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया कि पिछले दो सप्ताह से सेना और अर्धसैनिक समूह के बीच लड़ाई तेज हो गई है, इसलिए खाद्य एजेंसी के सहयोगियों को पश्चिमी दारफुर स्थित शिविर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। एजेंसी के क्षेत्रीय निदेशक लॉरेंट बुकेरा ने कहा, तत्काल सहायता न मिलने के कारण जमजम में हजारों परिवारों को आने वाले हफ्तों में भूखा रहना पड़ सकता है।

## श्रीलका के हवाई अड्डे पर भारतीय महिला गांजे के साथ गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर थाईलैंड से पहुंची एक भारतीय महिला के पास से 1.2 किलोग्राम कुश गांजा बरामद किए जाने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अडेरना न्यूज के अनुसार श्रीलंका के सीमा शुल्क विभाग की स्वापक नियंत्रण इकाई के अधिकारियों ने बताया कि 38 वर्षीय यह महिला कैथे पैसिफिक एयरलाइंस की उड़ान संख्या सीएक्स 611 से बैंकॉक से यहां पहुंची थी। अधिकारी ने बताया कि बैग की तलाशी लेने पर मादक पदार्थ मिला जिसकी कीमत 1.2 करोड़ रुपए (श्रीलंकाई रुपए) आंकी गई है। मादक पदार्थ को बैग में खाद्य पैकेटों के अंदर छिपाकर रखा गया था। श्रीलंका के सीमा शुल्क विभाग के अनुसार, महिला और उसके पास से बरामद मादक पदार्थ को पुलिस स्वापक ब्यूरो के हवाले कर दिया गया है।

## वीडियो में इजराइलियों का इलाज नही करने की बात कहने वाली नर्स पर धमकाने के आरोप लगाए गए

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में सामने आए वीडियो में इज़राइली मरीजों का इलाज नहीं करने की बात कहने वाली एक नर्स पर धमकी देने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि 26 वर्षीय सारा अबू लेब्देह को मंगलवार रात गिरफ्तार किया गया और उस पर एक समूह को हिंसा , जान से मारने की धमकी देने व परेशान करने के आरोप लगाए गए। इन आरोपों के लिए अधिकतम 22 वर्ष की जेल की सजा का प्रावधान है। न तो बचाव पक्ष के वकील और न ही अबू लेब्देह ने आरोपों पर कोई टिप्पणी की है। उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया है। मामले की सुनवाई सिडनी की अदालत में 19 मार्च को है। अबू लेब्देह और एक अन्य नर्स अहमद रशीद नादिर को 12 फरवरी को बैंकस्टाउन-लिडकॉम्बे अस्पताल से निलंबित कर दिया गया था, क्योंकि इससे एक दिन पहले इजराइली इंफ्लुएंसर मैक्स वीफर के साथ ऑनलाइन बातचीत हुई थी। अबू लेब्देह ने कहा था कि वह इजराइली मरीजों का इलाज नहीं करेगी, जबकि नादिर ने कहा कि उसने इजराइलियों की हत्या की है। पुलिस ने अब तक नादिर से पूछताछ नहीं की है। अस्पताल ने मरीजों के रिकॉर्ड की जांच की और पाया कि लेब्देह और नादिर ने मरीजों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया था।

# पोप चिकित्सकों की निगरानी में, उनके स्वस्थ होने के लिए अनुयाई कर रहे प्रार्थना

**भाषा।** रोम

**डबल** निमोनिया से पीड़ित पोप फ्रांसिस इलाज के दौरान बुधवार को सीधा बैठे, वहीं दुनिया भर में उनके अनुयाई उनके जल्द स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। वेटिकन ने बताया कि फ्रांसिस की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है, लेकिन नए बिशपों की घोषणा और चर्च के लिए राशि जुटाने की नई पहल को लेकर रोमन कैथोलिक चर्च के प्रतिनिधि जुटे हुए हैं। वेटिकन ने कहा कि उसे उम्मीद है कि मंगलवार शाम की गई सीटी स्कैन जांच की रिपोर्ट जल्द ही मिल जाएगी, जिससे फेफड़े के संक्रमण की स्थिति का पता चल सकेगा। 88 वर्षीय पोप 14 फरवरी से अस्पताल में भर्ती हैं। पोप फ्रांसिस फेफड़ा संबंधी रोग से पहले भी पीड़ित रहे हैं और ब्रोंकाइटिस के कारण तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

वेटिकन ने बताया, पोप रात में ठीक से सोए और आराम किया। पोप ने बुधवार सुबह कुर्सी पर बैठकर थेरेपी कराई। चिकित्सकों ने कहा है कि वह अभी खतरे से बाहर नहीं हैं, लेकिन शनिवार से उन्हें सांस को लेकर दिक्कत नहीं हुई है। फ्रांसिस अस्पताल के अपने कमरे से काम कर रहे हैं और उनकी अनुपस्थिति में वेटिकन नौकरशाही का दैनिक काम जारी है। इस बीच वेटिकन ने कहा कि फ्रांसिस ने चार नए बिशप नियुक्त किए हैं और रोमन कैथोलिक चर्च के लिए राशि जुटाने की खातिर एक नई पहल को मंजूरी दी है, जो वर्षों से वित्तीय संकट का सामना कर रहा है।

फ्रांसिस ने संभवतः कुछ समय पहले बिशप नियुक्तियों को मंजूरी दी थी और चंदा एकत्र करने के लिए नए मानदंडों को 11 फरवरी को मंजूरी दी गई थी। यह मंजूरी उनके अस्पताल में भर्ती होने से पहले दी गई थी लेकिन अब उनकी औपचारिक रूप से घोषणा की गई है। पोप के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए उनके अनुयाई और शुभचिंतक रोम में एकत्र हुए तथा विशेष प्रार्थना की। मंगलवार रात को फ्रांसिस के गृहनगर से कई लोग रोम के अर्जेंटाइन गिरजाघर में जमा हुए और रोम के लिए पोप के पादरी कार्डिनल बालदासारे रीना की अगुवाई में विशेष प्रार्थना की।

# पूर्वी थाईलैंड में बस दुर्घटना में 18 लोगों की मौत



**बैंकाक।** पूर्वी थाईलैंड में बुधवार तड़के एक चार्टर्ड बस पलट गई, जिससे 18 लोगों की मौत हो गई और 31 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना प्राचीनबुरी प्रांत में हुई। ए लोग उत्तरी थाईलैंड से नगर निकाय संबंधी अध्ययन दौरे के लिए तटीय रेयोग प्रांत की यात्रा पर रहे थे। भूमि परिवहन विभाग ने कहा कि वह सड़क दुर्घटना की जांच में पुलिस के साथ समन्वय करेगा तथा सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों का निरीक्षण तेज करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे सुरक्षा मानकों को पूरा करें। थाईलैंड में सड़क सुरक्षा एक बड़ी समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में मौत के मामले में थाईलैंड 175 सदस्य देशों में नौवें स्थान पर है।

# परंपरा और प्रौद्योगिकी का संगम: हार्वर्ड के प्रोफेसरों ने महाकुंभ के अनुभवों को साझा किया

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** अमेरिका के प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालय के शीर्ष प्रोफेसरों ने महाकुंभ में परंपरा एवं प्रौद्योगिकी से लेकर वाणिज्य एवं आध्यात्मिकता के मेल पर प्रकाश डाला। हार्वर्ड के प्रोफेसरों ने दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम से सबक लेने और इसके अवसरों पर जोर दिया। प्रयागराज में आयोजित हो रहा महाकुंभ बुधवार को समाप्त हो गया। न्यूयॉर्क में भारत के वाणिज्य दूतावास ने सोमवार को एक विशेष चर्चा का आयोजन किया, जिसका शीर्षक था इनसाइट्स फ्रॉम द वर्ल्ड्स लार्जेस्ट स्प्रिचुअल गैदरिंग – महाकुंभ। आयोजन में हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में जॉर्ज पाउलो लेमैन के प्रोफेसर तरुण खन्ना, हार्वर्ड डिवाइनिटी स्कूल में तुलनात्मक धर्म एवं भारतीय अध्ययन की प्रोफेसर डायना ईक और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की सहायक प्रोफेसर टियोना जुजुल शामिल थीं।



प्रोफेसरों ने 2013 में कुंभ मेला में बिताए समय के दौरान किए गए शोध से अपने अनुभव साझा किए और इस वर्ष की तीर्थयात्रा के दौरान आध्यात्मिकता तथा इंजीनियरिंग से लेकर प्रशासन एवं परंपरा, प्रौद्योगिकी और अर्थशास्त्र के मेल तक विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत विनय प्रधान की मेजबानी में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खन्ना ने कुंभ मेला में मानकों, स्वच्छता और प्रौद्योगिकी के पहलुओं को रेखांकित किया।

खन्ना ने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से एक शोधार्थी के रूप में परंपरा एवं प्रौद्योगिकी के इस मेल से मोहित हूं कि समाज कैसे विकसित हो रहा है। हम कुछ मूल्यों को अपने पास रखते हैं, यह एक परंपरा है जो हमारे साथ बनी रहती है लेकिन साथ में इसमें प्रौद्योगिकी की परतें जुड़ती जाती हैं। खन्ना ने कहा कि कुंभ मेला एक मनमोहक जगह है, जहां प्रौद्योगिकी और धर्म का संगम दिखता है। उन्होंने यह भी बताया कि 2025 कुंभ को स्वच्छ कुंभ कहा जाता है, जहां इतनी भीड़ के बावजूद अविश्वसनीय रूप से सफाई पर ध्यान दिया गया।

खन्ना ने इस साल महाकुंभ में खोया पाया सेवाओं के डिजिटलीकरण की भी सराहना की और इसे बेहद दिलचस्प बताया क्योंकि यह परंपरा और प्रौद्योगिकी के मेल के विचार का अच्छा उदाहरण है। ईक ने अपनी प्रस्तुति में कहा कि कुंभ मेला एक महान तीर्थयात्रा है। उन्होंने कहा, यह हमें कहीं ज्यादा चकित करता है। यह सिर्फ आश्चर्यजनक तथ्य है कि यह शहर इतने कम समय में बनाया गया है और इंजीनियरिंग टीम, बिजली सबस्टेशनों, एक शहरी वातावरण, स्वास्थ्य सेवाओं और छोटे व्यवसायों के निर्माण सहित ऐसी तमाम चीजों की पूरी श्रृंखला है जो पूरी तरह से इससे जुड़ी हुई हैं।

ईक ने कुछ दिनों में कुशल बिल्डर द्वारा कुंभ के लिए चार से पांच सामग्रियों के साथ बनाए गए अस्थाई टेंट का जिक्र किया। उन्होंने कुंभ में तकनीकी नवाचार की भी सराहना की और इसे असाधारण बताया। जुजुल ने 2013 में पहली बार कुंभ के लिए ईक की शोध टीम के तहत भारत की यात्रा की थी। उन्होंने कुंभ में व्यवसायों और आर्थिक अवसरों के विकास के साथ-साथ तार्किक चुनौतियों एवं समाधानों को भी उजागर किया। जुजुल ने कहा कि वह 2037 में अगले कुंभ के लिए भारत लौटने की उम्मीद करती है।

महाकुंभ मेला की शुरुआत इस साल प्रयागराज में 13 जनवरी को गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर हुई और बुधवार को महाशिवरात्रि पर इसका समापन होगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा है कि इस साल महाकुंभ मेले में अब तक अभूतपूर्व 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई है।

# ईरान ने हथियार-ग्रेड के स्तर के करीब संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन तेज किया : आईएईए

**विएना।** अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के निर्वाचन के बाद वाशिंगटन और तेहरान के रिश्तों में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने हथियार-ग्रेड के स्तर के करीब संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन तेज कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने अपनी हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया है। इस गोपनीय रिपोर्ट की एक प्रति बुधवार को एसोसिएटेड प्रेस (एपी) ने देखी। विएना स्थित अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आठ फरवरी तक ईरान के पास 60 प्रतिशत तक संवर्धित 274.8 किलोग्राम यूरेनियम होने का अनुमान है। यह मात्रा नवंबर 2024 में जारी आईएईए की पिछली रिपोर्ट में आंकी गई मात्रा से 92.5 किलोग्राम अधिक है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 60 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम को तकनीकी रूप से हथियार-ग्रेड यानी परमाणु हथियारों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले 90 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम से महज एक कदम दूर माना जाता है। आईएईए की नवंबर 2024 की रिपोर्ट में ईरान के पास 60 प्रतिशत तक संवर्धित 182.3 किलोग्राम यूरेनियम होने का अनुमान जताया गया था। जबकि, एजेंसी ने अगस्त में जारी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि तेहरान ने 60 प्रतिशत तक संवर्धित 164.7 किलोग्राम यूरेनियम का उत्पादन कर लिया है। आईएईए की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है, ईरान द्वारा उच्च संवर्धित यूरेनियम के उत्पादन और संचय में उल्लेखनीय वृद्धि, जो कि इस तरह की परमाणु सामग्री का उत्पादन करने वाला एकमात्र गैर-परमाणु हथियार संपन्न देश है, गंभीर चिंता का विषय है।

एजेंसी के मुताबिक, अगर 60 प्रतिशत तक संवर्धित 42 किलोग्राम को और संवर्धित करके 90 प्रतिशत संवर्धन के स्तर पर ले जाया जाए, तो यह एक परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त है। आईएईए ने अपनी हालिया तिमाही रिपोर्ट में यह भी अनुमान लगाया है कि आठ फरवरी तक ईरान के पास समृद्ध यूरेनियम का कुल भंडार बढ़कर 8,294.4 किलोग्राम हो गया, जो पिछले साल नवंबर में जारी रिपोर्ट में आंकी गई मात्रा से 1,690 किलोग्राम अधिक है।

ट्रंप ने अपने पहले राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान अमेरिका को ईरान के साथ हुए अंतरराष्ट्रीय परमाणु समझौते से अलग कर लिया था और तेहरान पर फिर से प्रतिबंध लागू कर दिए थे। जनवरी 2020 में उनके कार्यकाल में किए गए अमेरिकी ड्रोन हमले में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की कुद्स फोर्स का प्रमुख कासिम सुलेमानी मारा गया था। अमेरिका सहित विभिन्न पश्चिमी देशों का दावा है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने के इरादे से संवर्धित यूरेनियम के उत्पादन की क्षमता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है।

